Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874


नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 336 | मंगलवार, 09 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### संसद में विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी

## 'कांग्रेस ने वंदे मातरम के किए टुकड़े-टुकड़े'

**नई दिल्ली।**



राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को लोकसभा में विशेष चर्चा का आरंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐतिहासिक तथ्यों के सहारे कांग्रेस को एक फिर से कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया।

राष्ट्रगीत की पावन भावना का अपने शब्दों में विस्तार से उल्लेख करने के साथ ही उन्होंने कहा, 'उन परिस्थितियों को भी हमारी नई पीढ़ी को जरूर बताना हमारा दायित्व है, जिसकी वजह से वंदे मातरम् के साथ विश्वासघात किया गया।' उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के दबाव में कांग्रेस ने वंदे मातरम् के टुकड़े-टुकड़े कर दिए। कांग्रेस वंदे मातरम् के बंटवारे के लिए झुकी, इसलिए कांग्रेस को एक दिन भारत के बंटवारे के लिए झुकना पड़ा। दुर्भाग्य से कांग्रेस की नीतियां वैसी की वैसी ही हैं। आज भी जिन-जिन के नाम के साथ कांग्रेस जुड़ा हुआ है, वे सब वंदे मातरम् पर विवाद खड़ा करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, ''संसद में गंभीर चर्चा चल रही है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सदन में मौजूद नहीं हैं। पहले नेहरू और अब राहुल गांधी ने वंदे मातरम् का अपमान किया है।'' प्रधानमंत्री ने चर्चा के दौरान दावा किया कि वंदे मातरम् के प्रति मुस्लिम लीग की विरोध की राजनीति तेज होती जा रही थी। मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ से 15 अक्टूबर, 1937 को वंदे मातरम् के विरुद्ध नारा बुलंद किया था। फिर कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। नेहरू जी ने मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को तगड़ा जवाब देने और उसके बयानों की निंदा करने के बजाय वंदे मातरम् की ही पड़ताल शुरू कर दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन्ना के विरोध के पांच दिन बाद ही 20 अक्टूबर को नेहरू जी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को चिट्ठी लिखी। उस चिट्ठी में जिन्ना की भावना से नेहरू जी ने अपनी सहमति जताते हुए लिखा कि वंदे मातरम् की आनंद मठ वाली पृष्ठभूमि मुसलमानों को इरिटेट कर सकती है। प्रधानमंत्री ने पंडित नेहरू का बयान पढ़ा, 'मैंने वंदे मातरम् गीत की पृष्ठभूमि पढ़ी है। मुझे लगता है कि यह जो पृष्ठभूमि है, इससे मुस्लिम भड़केंगे।' प्रधानमंत्री ने ऐतिहासिक तथ्यों का हवाला देते हुए कहा, इसके बाद कांग्रेस की तरफ से बयान आया कि 26 अक्टूबर से कांग्रेस कार्यसमिति की एक बैठक कोलकाता में होगी, जिसमें वंदे मातरम् के उपयोग की समीक्षा की जाएगी।

## दिल्ली से बिहार तक ठंड का कहर, चार राज्यों में बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में ठंड का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी का दौर जारी है। वहीं, मैदानी इलाकों में लगातार पारा नीचे गिर रहा है। इन सब के बीच आईएमडी ने बताया देश के चार ऐसे राज्य हैं, जहां पर आज बारिश की संभावना है। आइए आपको आज के मौसम के बारे में बताते हैं। राष्ट्रीय राजधानी में पारा लगातार गिर रहा है। प्रदूषण की मार झेल रहे राजधानी के लोगों को अब कोहरे की भी मार झेलनी होगी। विभाग का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहने वाला है। वहीं, आज और कल हवाओं के कारण ठंड में इजाफा देखने को मिल सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, यूपी के कई जिलों में आज से शीतलहर का असर तेज देखने को मिल सकता है। अगले दो दिनों तक ऐसी ही स्थिति देखने को मिलेगी। इसके बाद अगले हफ्ते से पछुआ हवाओं के कारण तापमान में कमी देखने को मिल सकती है।



## 97.3% गणना प्रपत्र का डिजिटाइजेशन पूरा

**लखनऊ।**




मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के साथ तीसरी बैठक की। उन्होंने बताया कि अब तक 97.3 प्रतिशत गणना प्रपत्र का डिजिटाइजेशन पूरा हो गया है। अभी तक 17.7 प्रतिशत ऐसे मतदाता मिले हैं जो अनुपस्थित, शिफ्टेड व मृत के अलावा वे हैं जिन्होंने फार्म भरकर नहीं दिया है। प्रदेश के बड़े शहरों खासकर लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, अलीगढ़ आदि में 30 प्रतिशत मतदाताओं की वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग नहीं हो सकी है। इनकी मैपिंग का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने अनुपस्थित, शिफ्टेड व मृत मतदाताओं के सत्यापन में राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की है। बैठक में राजनीतिक दलों ने गणना प्रपत्र जमा करने की समय-सीमा बढ़ाने का अनुरोध भी किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जो बूथ अपना कार्य पूरा कर चुके हैं, वहां के अनुपस्थित, शिफ्टेड व मृत मतदाताओं की सूची बीएलओ द्वारा बीएलए को उपलब्ध कराई जाएगी।

### हवा-हवाई साबित हुआ कैप फामूर्ला, मनमाना किराया वसूल रहीं एयरलाइनें

**नई दिल्ली।** इंडिगो की मनमानी से उत्पन्न संकट के बाद घरेलू हवाई किराया आसमान छूने लगा, तो नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने छह दिसंबर को हस्तक्षेप करते हुए दूरी के हिसाब से अधिकतम बेस फेयर की सीमा (कैप) तय कर दी। सरकार ने इसे सख्ती से लागू करने का दावा किया, लेकिन सोमवार को यह तस्वीर कई रूटों पर बिल्कुल उलट दिखी। प्रमुख महानगरीय रूटों पर तो किराया काबू में आया है।

# अवैध निर्माण पर जीडीए की 'सील, बिल्डरों की 'डील'? सीलिंग के बाद भी जारी काम

■ **ललित कुमार**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** तेजी से फैलते शहरीकरण के बीच गाजियाबाद एक बार फिर अवैध निमार्णों के गंभीर आरोपों के कारण सुर्खियों में है। शहरवासियों का कहना है कि गाजियाबाद डेवलेपमेंट अथॉरिटी (GDA) प्रशासनिक उदासीनता, भ्रष्टाचार और निरीक्षण प्रणाली की कमजोरियों के कारण कागजी सख़्ती तक सिमटकर रह गई है। नतीजा–अवैध इमारतें बिना रोक-टोक खड़ी हो रही हैं, जबकि शहर की सुरक्षा, कानून व्यवस्था और शहरी योजना को खुली चुनौती मिल रही है।

**चिरंजीव विहारः चार मंज़िला अवैध इमारत ने खोली जीडीए की पोल**

चिरंजीव विहार में सामने आए नए मामले ने जीडीए की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों का दावा है कि यहाँ नियमों को दरकिनार करके एक चार मंज़िला इमारत खड़ी कर दी गई, जबकि जीडीए के तय मापदंडों के अनुसार किसी भी स्वीकृत नक्शे में तीन मंज़िल से अधिक निर्माण की अनुमति नहीं है।

लोगों का आरोप है कि यह निर्माण जीडीए के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से संभव हुआ, जिन्होंने कथित तौर पर मोटी रकम लेकर अवैध निर्माण पर आँखें मूंद लीं। निवासियों का कहना है कि नियुक्त जूनियर इंजीनियर और सुपरवाइजर स्तर के अधिकारी समय पर निरीक्षण करने के बजाय बिल्डरों को खुली छूट देते हैं।

**स्थानीय लोग बताते हैं–**

अगर कल को यह इमारत हादसे का कारण बनती है, तो जीडीए सबसे पहले जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेगा। लेकिन असली जिम्मेदार वही अफसर होंगे, जिन्होंने नियमों को ताक पर रखकर शहर को खतरे में डाल दिया।

यह पहला मामला नहीं है। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने तस्वीरें, वीडियो और शिकायतें साझा कर अधिकारियों को टैग किया, लेकिन कार्रवाई आज भी शून्य है। शिकायतें बीते कई महीनों से लंबित हैं, जिससे जनता में यह संदेश जा रहा है कि जीडीए की प्राथमिकताओं में अवैध निर्माण रोकना कहीं नहीं है।



जीडीए द्वारा सील की गई बिल्डिंग

### सीएम के आदेश भी बेअसर?

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समय-समय पर प्रदेश में अवैध निर्माण और भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े निर्देश देते रहे हैं। कई बार सार्वजनिक मंचों से भी उन्होंने स्पष्ट कहा है कि अवैध निर्माण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रशासनिक स्तर पर भी नगर निकायों से लेकर विकास प्राधिकरणों को ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद गाजियाबाद में अवैध इमारतें लगातार खड़ी हो रही हैं।

### यह सवाल अनिवार्य हो जाता है

- जब मुख्यमंत्री के आदेश इतने स्पष्ट हैं, तो जमीनी स्तर पर उनके पालन में बाधा कहाँ आ रही है?
- क्या यह सिर्फ लापरवाही है, या फिर भ्रष्टाचार की वह जड़ें हैं, जो सिस्टम को भीतर तक खोखला कर चुकी हैं?
- इंदिरापुरम से लोनी तक–अवैध निमार्णों का फैलता नेटवर्क

गाजियाबाद के लोग बताते हैं कि स्थिति किसी एक मोहल्ले या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। इंदिरापुरम, चिरंजीव विहार, राजनगर एक्सटेंशन, लोनी, शालीमार गार्डन, विजयनगर–लगभग हर इलाके में अवैध निर्माण की शिकायतें आम हो गई हैं।

कई जगहों पर बिना पार्किंग, बिना सेफ्टी मानकों, संकरी गलियों में बहुमंज़िला इमारतें खड़ी हो रही हैं। इससे न केवल अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं की पहुँच बाधित होती है, बल्कि बिजली, पानी, सीवर और सड़क जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं पर भी भारी दबाव पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इन निमार्णों का 'सिंडिकेट' बेहद सक्रिय है–जहाँ बिल्डर, बिचौलिए और सिस्टम के अंदर बैठे कुछ कमजोर कड़ियों में सिद्ध मिलीभगत की आशंका जताई जाती है।

यदि यह स्थिति जारी रही, तो आने वाले वर्षों में गाजियाबाद में शहरी अव्यवस्था, दुर्घटनाओं और संरचनात्मक असुरक्षा के खतरे और बढ़ेंगे।

### जनता के तीखे सवाल

**शहर के आम नागरिकों के मन में कई सवाल घूम रहे हैं–**

- क्या जीडीए में अवैध निर्माण रोकने वाली पूरी निरीक्षण प्रणाली ही विफल हो चुकी है?
- क्या अधिकारी शिकायतों को नजरअंदाज कर रहे हैं या फिर बिल्डरों की मिलीभगत की वजह से चुप्पी साधे हुए हैं?
- कानून और सीएम के आदेशों की खुलेआम अवहेलना के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं होती?
- क्या गाजियाबाद का भविष्य इसी भ्रष्ट सिस्टम के हवाले छोड़ दिया जाएगा?

इन सवालों का जवाब आज तक न तो विभाग ने दिया है और न ही कोई ठोस कार्रवाई सामने आई है। शिकायतों का ढेर बढ़ता जा रहा है, लेकिन उससे भी तेजी से बढ़ रही हैं अवैध इमारतें।

### जीडीए की चुप्पी–जन विश्वास को सबसे बड़ा झटका

एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता अपने प्रशासन से उम्मीद करती है कि वह पारदर्शी, सक्रिय और जवाबदेह होगा। लेकिन जब शिकायतें अनसुनी रहें, जब अवैध निमार्णों के सामने विभाग बेबस दिखे और जब जनता बार-बार सवाल पूछे और जवाब न मिले–तो यह विश्वास का संकट पैदा करता है। गाजियाबाद में आज यही स्थिति दिख रही है।


जनता कह रही है–अगर शिकायत करने पर भी कार्रवाई नहीं होगी, तो शिकायत किससे करें?

### आवश्यक है कठोर और त्वरित कार्रवाई

विशेषज्ञों का कहना है कि अवैध निर्माण रोकने के लिए सिर्फ ढांचागत सख़्ती नहीं है। इसके लिए आवश्यक है–

- नियमित एवं पारदर्शी निरीक्षण
- रिश्वतखोरी और लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई
- जनशिकायतों के लिए प्रभावी तंत्र
- गलत पाए जाने वाले कर्मचारियों पर निलंबन और कानूनी कार्रवाई
- अवैध निर्माण ध्वस्तीकरण की निरंतर प्रक्रिया

जब तक ये कदम नहीं उठाए जाएंगे, गाजियाबाद की प्लानिंग और भविष्य अव्यवस्था और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता रहेगा।



सीलिंग के बावजूद निर्माण कार्य चलता हुआ।

**निष्कर्ष : शहर सिर्फ इमारतों से नहीं, ईमानदार व्यवस्था से बनता है**

गाजियाबाद उत्तर भारत के प्रमुख शहरों में शुमार है। ठउफका अहम हिस्सा होने के कारण यहाँ विकास की अपार संभावनाएँ हैं। लेकिन यदि अवैध निमार्णों की यह बाढ़, सिस्टम की चुप्पी और भ्रष्टाचार के आरोप इसी तरह जारी रहे, तो यह शहर सिर्फ एक चेतावनी बनकर रह जाएगा। जहाँ कानून बिकता है, आदेश ठुकराए जाते हैं और व्यवस्था सत्ता नहीं, बल्कि मिलीभगत के आगे झुकती है। जनता की यही माँग है कि इस बार केवल बयान नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई हो–ताकि गाजियाबाद सिर्फ इमारतों से नहीं, बल्कि एक मजबूत और ईमानदार व्यवस्था से बने।

## संपादक की कलम से

# बाबरी बनाम राम मंदिर

तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने कुछ मुस्लिम चेहरों के साथ बाबरी मस्जिद की नींव रखी, तो दूसरी तरफ बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस, बाबा बागेश्वर और कई साधु-संतों ने, एक व्यापक जन-सैलाब के साथ, गीता पाठ किया। बाबरी मस्जिद से 11 किमी की दूरी पर बहरामपुर में राम मंदिर बनाने का उद्घोष किया गया। इन दोनों फैसलों और कर्मकांडों का धार्मिक आस्था से कोई सरोकार नहीं है। ये सांप्रदायिक, हिंदू बनाम मुसलमान, जमावड़े थे, जिनकी मानसिकता में अप्रैल-मई, 2026 के विधानसभा चुनाव उमड़-घुमड़ रहे थे। बेशक प्रभु श्रीराम समूचे भारत के जनमानस के सबसे अधिक स्वीकार्य और पूजनीय आराध्य हैं। राम के जीवन-चरित पर सबसे अधिक, प्रमुख भाषाओं में, रामायण का सृजन किया गया है। यदि हमारे आराध्य का एक और मंदिर बनाया जाता है, तो वह विवादास्पद नहीं हो सकता, क्योंकि बहुसंख्यक हिंदू मूर्ति पूजक हैं, लेकिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में आराध्य का भव्य मंदिर बन चुका है। मंदिर के शिखर पर सनातन की प्रतीक धर्म-ध्वजा भी सुशोभित की जा चुकी है। देश भर से लाखों श्रद्धालु अपने आराध्य श्रीराम के दर्शन करने और मत्था टेकने अयोध्या जा रहे हैं। राम मंदिर का सम्मान किसी तीर्थ-स्थान से कमतर नहीं है, लिहाजा एक और राम मंदिर के उद्घोष का औचित्य क्या है? देश में आज भी प्रभु राम के असंख्य मंदिर हैं, जहां अनवरत पूजा-पाठ जारी है। बेशक राम के नाम पर ध्रुवीकरण और सामुदायिक लामबंदी जरूर की जा सकती है। चुनाव के मद्देनजर उनका महत्व भी निर्णायक है। यकीनन हिंदुओं अथवा ऐसे आस्थावानों के ध्रुवीकरण से भाजपा को चुनावी फायदा सर्वाधिक होता रहा है। स्वतंत्र भारत में बाबर जैसे विदेशी आक्रांताओं के स्मारक के तौर पर मस्जिद बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। भारत अब एक संप्रभु, लोकतांत्रिक और संवैधानिक राष्ट्र है, उसमें बाबर का स्मारक स्वीकार्य नहीं है। मुस्लिम मस्जिद बनाना चाहते हैं, तो सरकार से बाकायदा इजाजत लें और पैगंबर मुहम्मद के नाम पर मस्जिद बनाएं। किसे आपत्ति होगी? हालांकि राजधानी दिल्ली में बाबर रोड आज भी मौजूद है। ऐसे और भी स्मारक बाबर के नाम पर देश में होंगे, लेकिन नए प्रयास, नए शिलान्यास, नए निर्माण को नहीं होने देना चाहिए। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कथित बाबरी मस्जिद की नींव नहीं रखने देनी चाहिए थी। भाजपा के जो चेहरे चीखा-चिल्ली कर बाबरी का विरोध कर रहे थे, उन्हें भी नींव का पुरजोर विरोध करना चाहिए था। मुख्यमंत्री को अपने ही बागी विधायक को गिरफ्तार कराना चाहिए था, लेकिन बाबरी मस्जिद की प्रतीकात्मक नींव रख दी गई और वह तबका अपनी सांप्रदायिकता में कामयाब रहा। ममता को मुर्शिदाबाद की 24 विधानसभा सीटों पर 65 फीसदी से ज्यादा मुसलमानों के वोट की चिंता थी, तो ममता हिंदुओं के वोट भी छोड़ नहीं सकती थी। बंगाल में 35-40 फीसदी हिंदू वोट ममता की पार्टी के पक्ष में भी जाते हैं, लिहाजा मुख्यमंत्री ने विधायक को निलंबित ही किया। हुमायूं कबीर ने 6 दिसंबर की तारीख इसलिए तय की थी, क्योंकि 1992 में इसी तारीख को अयोध्या की कथित बाबरी मस्जिद का ढांचा गिराया गया था। मुसलमानों के एक तबके में आज भी उस घटना के खिलाफ गुस्सा और आक्रोश है। मुसलमान उस विध्वंस को पाक मस्जिद की शहादत करार देते हैं। उसी जमीन पर सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ के फैसले के बाद राम मंदिर बना है। अदालत ने मस्जिद की वैकल्पिक जगह जहां देने का भी आदेश दिया था, उसे मुसलमानों ने न तो लिया है, मस्जिद निर्माण तो बहुत दूर की कौड़ी है। मुर्शिदाबाद में जिस बाबरी मस्जिद की कथित नींव रखी गई है, उसके निर्माण को पैसा कहां से आएगा?


ललित शर्मा
संपादक

## मोनिका डागा

## जीना चाहता हूँ

कविता



सबकी जरूरत से ज्यादा परवाह की,
अपनी चाहतों की एक धार बलि दी,
परवाह मुझ पर बहुत ज्यादा हावी हो गई,
जिंदगी की मिठास कहीं एकदम खो गई ।

अपने को यूँ गुमसुम कर भूलता चला गया,
अधूरापन जीवन का बढ़ता ही चला गया,
दुनिया की हाजरी लगाते लगाते अब थक गया,
जीवन का अधिकांश वक्त रेत की तरह फिसल गया ।

ऐ जिंदगी ! अब मुझ पर तू थोड़ा तो रहम कर,
इतना अब और न ज्यादा सुन सितम कर,
चाहे रूठे भले मुझसे अब ये जमाना सारा,
या बेरूखी देख मेरी कर ले मुझसे कोई किनारा ।

मैं थोड़ा सा बेपरवाह होना अब चाहता हूँ,
जिंदगी को जिंदादिली से जीना चाहता हूँ,
तलाश खुद की खुद में करना चाहता हूँ,
मौत के वक्त जी भरकर मुस्कुराना चाहता हूँ ।

पंखों को खोल आसमान में फड़फड़ाना चाहता हूँ,
मुरझाए जीवन पुष्प को फिर से खिलाना चाहता हूँ,
अंतर्मन के अनंत ₹आनंद₹ को जागना चाहता हूँ,
ऐ जिंदगी ! तुझे प्यार से गले लगाना चाहता हूँ ।
– ₹आनंद₹ , चेन्नई, तमिलनाडु ?? ????
आपके स्नेह और प्यार का धन्यवाद !??

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# गोवा हादसाः झुलसती संवेदनाएं और नाकाम होती व्यवस्था


ललित गर्ग



एक बार फिर एक भीषण आग ने 25 मासूम जिंदगियों को छीन लिया। गोवा के नाइट क्लब में हुई यह त्रासदी केवल आगजनी नहीं, बल्कि हमारे सिस्टम की जड़ता, गैर-जिम्मेदारी और नैतिक पतन की ज्वलंत मिसाल है। गोवा का जो नाइट क्लब आग की चपेट में आया, वह नियमों की अनदेखी करके तो चलाया ही जा रहा था, उसमें आग से बचाव के उपाय भी नहीं किए गए थे। रही-सही कसर इससे पूरी हो गई कि नाइट क्लब में आने और जाने का रास्ता बेहद संकरा था। आग की चपेट में आने वालों की संख्या इसलिए अधिक बढ़ गई, क्योंकि बचने के लिए उन्होंने जिस रास्ते को सुरक्षित समझा, वहां पहले से ही लोग फंसे हुए थे। इस तरह से आनंद और उत्सव का स्थल अचानक जीवन समाधि में बदल गया, वह अनेक सवाल हमारे सामने खड़े करता है, क्या हम सीखने की क्षमता खो चुके हैं? क्यों हर हादसे के बाद जांच समितियां बनती हैं, मुआवजा घोषित होता है, कुछ दिन हंगामा होता है और फिर सब कुछ पहले जैसा हो जाता है? पूर्व में मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, सूरत और अनेक शहरों में समान दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। होटल, मॉल, थिएटर, अस्पताल, फैक्ट्री, कोचिंग सेंटर- लापरवाही की आग में झूलसनों वालों की संख्या बढ़ी है, लेकिन हमारी संवेदनशीलता का स्तर छोटा होता जा रहा है। आगजनी की घटनाओं का सिलसिला तो लगातार है, परंतु सुरक्षा मानकों के प्रति हमारी उदासीनता और घोर लापरवाही भी उतनी ही स्थायी है। यह बात स्पष्ट है कि हादसे किसी तकनीकी गलती का परिणाम भर नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और राजनीतिक मिलीभगत की देन भी हैं। गोवा अपनी पहचान पर्यटन से बनाता है। नाइट लाइफ, समुद्री तटों का आनंद, मनोरंजन गतिविधियां और विदेशी पर्यटक इसका स्वाभाविक आकर्षण हैं। ऐसे प्रदेश में इस प्रकार का हादसा केवल मानवीय त्रासदी नहीं, बल्कि छवि और अर्थव्यवस्था का गहरा नुकसान भी है। भारत की टूरिज्म इंडस्ट्री पहले ही प्रतिस्पर्धा और सुरक्षा को लेकर चुनौतियों से जूझ रही है। यह घटना विश्व के सामने एक सवाल बनकर खड़ी है-क्या भारत सुरक्षित पर्यटन देश है? क्या यहां गैर-जिम्मेदाराना ढांचे और भ्रष्ट तंत्र के बीच किसी का जीवन सुरक्षित रखा जा सकता है? इस प्रकार के हादसों में दो बड़े चरित्र सामने आते हैं-सरकार की सुस्ती और आयोजकों की लालचपूर्ण मानसिकता। अधिकांश नाइट क्लब, बार, पार्क या मनोरंजन स्थल ऐसे होते हैं जहां प्रवेश शुल्क, अवैध संचालन और आर्थिक लाभ का बड़ा खेल चलता है। इमारतों की मंजूरी, फायर सुरक्षा की अनुमति, बिजली के तारों का रखरखाव, निकास मार्ग-ये सभी चीजें फाइलों में तो दर्ज होती हैं, लेकिन जमीन पर गायब रहती हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की सजगता की जगह संबंध और सुविधा शुल्क काम करता है। निरीक्षण के नाम पर औपचारिकता ढहती है और बीते हुए हादसे केवल याद बनकर रह जाते हैं।

नाइट क्लब तक पहुंचने का रास्ता इतना संकरा है कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को 400 मीटर दूर खड़ा होना पड़ा। सजावट के लिए ताड़ के सूखे पत्तों का इस्तेमाल किया गया था, जिसने आग और भड़का दी। भीड़भाड़ वाली जगहों पर एंट्री से ज्यादा महत्वपूर्ण इमरजेंसी एग्जिट पॉइंट्स होते हैं, लेकिन इस क्लब में लगता है कि इसकी भी कोई व्यवस्था नहीं थी, जिससे कई लोग भटक कर किचन में पहुंच गए, जहां से बाहर निकलने का रास्ता नहीं था। यह नाइटक्लब बिना मंजूरी के चल रहा था। लोकल अथॉरिटी के मुताबिक, निर्माण अवैध था। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर हम हादसों को नियति क्यों मान लेते हैं? हर घटना के बाद नेताओं के बयान आते हैं- ह्लदोषियों को बख्शा नहीं जाएगाह्व, ह्लउच्च स्तरीय जांच की जाएगीह्व, ह्लमुआवजा दिया जाएगाह्व, लेकिन क्या कभी हमने दोषियों को सजा होते देखा है? कभी किसी अधिकारी को बर्खास्त होते देखा है? क्या किसी क्लब या होटल की अनुमति स्थायी रूप से रद्द की गई? जवाब अधिकतर नहीं है। यही वह सत्य है जो बताता है कि हमारा समाज हादसे को दुख तो मानता है पर समस्या नहीं मानता। अजीब विडंबना यह है कि हादसे के शिकार गरीब या आम नागरिक होते हैं, लेकिन इस त्रासदी से गुजरी व्यवस्थाओं को कोई चोट नहीं लगती। वे फिर उठते हैं, नए सजावटी बोर्ड लगा लेते हैं और जनता को फिर से आकर्षित कर लेते हैं। व्यवस्था में भ्रष्टाचार और मानव-मूल्यों का ह्रास दोनों मिलकर ऐसी घटनाओं को जन्म देते हैं। यह केवल प्रशासनिक नाकामी नहीं, बल्कि सामूहिक नैतिक ह्रास भी है। आयोजक केवल लाभ देखते हैं; प्रशासन केवल कागजों पर निशान देखता है; समाज घटना को क्षणिक दुख समझकर भूल जाता है।

वैश्विक स्तर पर देखें तो किसी भी विकसित या उत्तरदायी समाज में जन-स्थलों पर सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। नियमित निरीक्षण, कठोर दंड, मानकों का अनिवार्य पालन और पारदर्शिता बुनियादी तत्व हैं। भारत में ये मानक केवल कानूनी पुस्तकों में रहते हैं। सवाल यह नहीं कि हादसे क्यों होते हैं, सवाल यह है कि सीख क्यों नहीं ली जाती। गोवा का यह हादसा एक चेतावनी है, अकेले गोवा के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए। हम विकास, पर्यटन और आधुनिक जीवनशैली की बात करते हैं, लेकिन सुरक्षा, नियंत्रण और मानवीय संवेदनशीलता को हाशिए पर छोड़ देते हैं। यह घटना बताती है कि यदि व्यवस्था की लापरवाही और लालच के बीच नागरिक की सुरक्षा कुचलती रही तो हम आधुनिक ढांचे बनाकर भी असुरक्षित रहेंगे। किसी भी राष्ट्र की उन्नति उसके नागरिकों की सुरक्षा पर टिकी होती है, न कि केवल चमक-दमक पर।

गोवा घटना ने सरकार की छवि को ध्वस्त किया है। पर्यटन उद्योग की नींव हिलाई है और नागरिक विश्वास को चोट पहुंचाई है। गोवा के जीडीपी में पर्यटन का हिस्सा 16 प्रतिशत से ज्यादा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में इस साल जनवरी से सितंबर के बीच 6.23 प्रतिशत ज्यादा टूरिस्ट गोवा पहुंचे। ऐसे में यह घटना राज्य की अच्छी छवि पेश नहीं करती, जहां पहले ही टैक्सी चालकों की मनमानी और पर्यटकों के साथ अभद्रता की कुछ समस्या रही है।यदि घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकनी है तो कुछ कठोर कदम उठाने होंगे, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई, वास्तविक निरीक्षण प्रणाली, भ्रष्टाचार पर अंकुश और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर दंड। परंतु दुख यह है कि हमारा इतिहास बताता है, हम कठोर कदम उठाने से बचते हैं। आज इस त्रासदी के बाद शोक जताना पर्याप्त नहीं है। इस पर गंभीर चिंतन जरूरी है। हम केवल जिम्मेदारी टाल देने की प्रवृत्ति में नहीं जी सकते। हर हादसा हमें यही याद दिलाता है कि सुरक्षा संस्कृति, जिम्मेदार शासन और नैतिक व्यवसायिक आचरण के बिना कोई भी समाज सुरक्षित नहीं हो सकता। यह घटना केवल 25 लोगों की मौत नहीं, बल्कि चेतावनी है कि यदि हमने नहीं सीखा, तो अगली त्रासदी निकट ही खड़ी है। हमारे नीति-नियंताओं को यह समझना होगा कि इस तरह की घटनाएं केवल जान-माल को ही क्षति नहीं पहुंचातीं, बल्कि देश की बदनामी भी कराती हैं। इस तरह की घटनाएं यही रेखांकित करती हैं कि नया और विकसित बनने के आकांक्षी भारत में नियम-कानूनों की हर स्तर पर उपेक्षा होती है और इस देश में जिम्मेदारी के साथ कोई काम मुश्किल से ही किया जाता है। मानकों और सुरक्षा उपायों की रेगुलर चेकिंग अथॉरिटीज की जिम्मेदारी है। बिना लाइसेंस चल रहे क्लब, होटल या रेस्तरां को बंद कराने के साथ यह जानना भी जरूरी है कि आखिर ये खुल कैसे जाते हैं और फिर कैसे धड़ल्ले से चलते रहते हैं। हमें यह मानना होगा कि जीवन की कीमत केवल शब्दों में नहीं, व्यवस्था में भी झलकनी चाहिए। जब तक हमारी नीतियों में कठोरता नहीं आएगी, जब तक भ्रष्टाचार की जड़ें नहीं काटी जाएंगी और जब तक नागरिक-केंद्रित शासन स्थापित नहीं होगा, तब तक मनोरंजन के नाम पर मौतें होती रहेंगी। गोवा का नाइट क्लब हादसा केवल आग नहीं-हमारे विवेक, शासन और मानवता की विफलता है। अब यह हमारे हाथ में है कि हम इसे भूलें या इसे परिवर्तन की शुरूआत बनाएं।

# भू माफियाओं से एसडीएम, तहसीलदार और थाना प्रभारी की मिलीभगत नहीं कर रहे सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाईः राजा भईया


जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर (राजा भईया) एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दुस्तान शिवसेना मो न- 9811371054,9818951279

**वेलकम इंडिया**

राजस्थान के जिला टोंक स्थित उनियारा उपखण्ड की अलीगढ तहसील के ग्राम उखलाना में सरकारी चारागाह की भूमि खसरा नं 135 रकवा 1,29 हैक्टेयर पर कुछ दबंग भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर पक्के मकान बनाने एवं अवैध रूप से कारखाने स्थापित करने से जुड़ा है हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने बताया कि उन्होंने पिछले महीने 14/11/25 को सभी तथ्यों एवं तहसीदार की मौका रिपोर्ट सहित उपरोक्त बाबत तीन अलग अलग शिकायतें, उनियारा उप खण्ड के एसडीएम, तहसीलदार अलीगढ एवं थाना प्रभारी अलीगढ के नाम रजिस्टर्ड डॉक से भेज कर उक्त ग्राम की सरकारी चारागाह भूमि पर कुछ दबंगों और भू माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर वहां पक्के मकान बनाने और अवैध रूप से कारखाने तथा आरा मशीन स्थापित करने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने और इस सरकारी भूमी को कब्जा मुक्त कराने की दी थी, परन्तु सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत के चलते आज तक उनकी शिकायतों पर आरोपियों के विरुद्ध उक्त अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की है ना उपरोक्त स्थान से भू माफियाओं के अवैध कब्जों को ही हटाया गया है जिससे उनके होंसले बुलन्द है, इससे क्षुब्ध हो कर राजा भईया ने उपरोक्त अधिकारियों के विरुद्ध जिला टोंक के जिला कलेक्टर, एसपी एवं पुनः उक्त एसडीएम महोदय को ई मेल से एवं रजिस्टर्ड डॉक द्वारा कार्यवाही करने हेतु शिकायत भेजी हैं शिकायतों की प्रतियां आज पत्रकारों को देते हुए राजा भईया ने कहा कि जब रक्षक ही भक्षक बने हो तो कोई क्या करेगा उक्त एसडीएम, तहसीलदार और थाना प्रभारी की यह कानूनी जिम्मेवारी है कि वह उनके अधीनस्थ क्षेत्र में आने वाली सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करें और सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराएं परन्तु उन्होंने मिलीभगत के चलते ऐसा नहीं किया जो कि ऐसा कर उन्होंने अपने लोक सेवक होने के दायित्वों की भी पालना नहीं की है।







# मिशन शक्ति फेज 5.0 के अन्तर्गत छात्राओ एंव गांव मे जाकर चोपाल लगाकर महिलाओ को किया जागरूक





**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

**सहारनपुर/ गागलहेडी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर आशीष तिवारी के निर्देशन में प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन मिशन शक्ति के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा गागलहेडी थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गागलहेडी एन्टी रोमियो टीम उप निरीक्षक ओमपाल यादव, महिला कांस्टेबल शशिबाला, महिला कांस्टेबल मनीषा चोहान द्वारा थाना क्षेत्र के कस्बा गागलहेडी मे ग्राम दीनारपुर व गागलहेडी तिराहा कस्बा गागलहेडी मे आने जाने वाली छात्राओ व महिलाओ को सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति के तहत छात्राओ/बालिकाओं को डिजिटल

**सरकार द्वारा जारी की गयी हेल्पलाईन नंबर 1090 वूमेन पावर, 1930 साइबर अपराध, 108 एंबुलेंस सेवा व 112 पुलिस आपातकालीन सेवा आदि व मिशन शक्ति केंद्र बारे मे जानकारी दी गयी।**

एरेस्टिंग की झूठी अफवाहो व सशक्तिकरण एवं सरकार द्वारा चलाई गयी योजनाओ और बच्चो के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमो के बारे मे बताया एवं आत्म निर्भर बनाने एंव उनके अधिकारो, सुरक्षा और संरक्षण के बारे मे जागरुक किया गया, साईबर फ्राड एवं साईबर क्राईम के बारे मे भी जागरुक किया गया।

## मशीन की चपेट मे आने से एक युवक की मौत

**जनपद बिजनौर नगीना।** चारा काटने की कुट्टी मशीन की चपेट मे आने से एक युवक की मौत हो गई, युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। गांव में मातम का छाया है।

सीओ सर्किल क्षेत्र के ग्राम नारंगी चक निवासी स्व0 शफाहत का पुत्र नवाब अहमद 19 वर्ष रोजाना अपने चाचा अरशद की कुट्टी मशीन पर पशुओं के चारे को काटकर लाता था। रविवार की शाम वह रोजाना की तरह कुट्टी मशीन पर चारा काटने गया था। वहां पर कोई मौजूद नहीं था। कुट्टी काटते समय अचानक नवाब पटे में आकर उसमें उलझ गया। पटे में नवाब को उलझता देख शमशाद की पत्नी ने हिम्मत करके पटे से निकालकर शोर मचाया व उसके परिजनों को सूचना देखकर बुलवाया परिजन भी मौके पर पहुंच गए और घायल हुए नवाब को गांव के ही प्राइवेट चिकित्सक के यहां ले गए डाक्टर के पास लेकर गए। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया यह सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में सन्नाटा छा गया।। मृतक 24 दिसंबर को छोटी बहिन की होने वाली शादी की तैयारी करने में लगा था। नवाब की कुट्टी मशीन में आने से हुई मौत से बुजुर्ग माता पिता का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है।

# कोतवाली बेहट परिसर में इंस्पेक्टर सतपाल भाटी ने खनन डंपर मालिकों व चालकों के साथ एक जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई



**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र-ऊकॠ अभिषेक सिंह के कड़े एक्शन के चलते। एसएसपी आशीष तिवारी,एसपी सिटी व्योम बिंदल एवम एसपी देहात सागर जैन के दिशा निर्देश पर कोतवाली बेहट परिसर में इंस्पेक्टर सतपाल भाटी ने खनन डंपर संचालकों के साथ की बैठक कोतवाली बेहट प्रभारी इंस्पेक्टर सतपाल भाटी ने पढ़ाया जागरूकता का पाठ

कोतवाली बेहट परिसर में खनन डंपर मालिकों व चालकों के साथ एक जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने इस पूरे क्षेत्र में ओवरलोडिंग, अवैध मार्गों से आवाजाही और तेज रफ्तार पर कड़े अभियान चलाने का आदेश दिया है- जिसके मद्देनजर यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है-कोतवाली बेहट प्रभारी इंस्पेक्टर सतपाल सिंह भाटी ने संचालकों से कहा कि ओवरलोडिंग केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि सड़क हादसों और जानलेवा स्थितियों की सबसे बड़ी वजह है- उन्होंने यातायात नियमों का पालन, सुरक्षित ड्राइविंग और निर्धारित मार्गों से ही संचालन करने को अनिवार्य बताते हुए चेताया कि उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी- एसएसपी के निर्देशों के बाद पुलिस अब खनन वाहनों की मॉनिटरिंग तेज करेगी।

## किसानों ने समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया, धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद नगर की तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन के कार्यकताओं ने समस्याओं का समाधान ना होने पर धरना प्रदर्शन किया। चार दिन के निस्तारण करने के तहसीलदार के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन के कार्यकताओं ने तहसील प्रांगण में धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन कर रहे भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओ ने तहसीलदार संतोष कुमार को अपने समक्ष उपस्थित होने पर अनेक समस्याओं से सम्बंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि किसानों की खतौनी में अंश निर्धारण में कमियों को दूर किया जाए, किसानों के दाखिल खारिज समय पर किया जाए, तहसील में लेखपाल एवं कानूनगो का समय पर किसानों से ना मिलना, प्रशासन द्वारा किसानों पर झूठे मुकदमे दर्ज निरस्त किए जाने, किसानों को खतौनी के लिए लाइन में लगना पड़े उचित व्यवस्था की जाए सही अनेकों समस्याओं को लेकर तहसीलदार संतोष कुमार को अवगत कराया गया और समस्याओं का निदान ना होने की स्थिति में बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकताओं ने सभी समस्याओं के निवारण हेतु चार दिनों का समय संगठन के पदाधिकारी से मांगा। जिसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया। इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष चौधरी बलराम सिंह, सरदार इकबाल सिंह, कुलबीर सिंह, भोपाल राठी, पुनीत चौहान, हिमांशु चौधरी, गजेंद्र सिंह, प्रशांत चौधरी, धीर सिंह प्रधान, श्याम सुंदर राठी सहित बड़ी संख्या में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिक कल्याण समिति ने झंडा दिवस मनाया गया



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर।** पूर्व सैनिक कल्याण समिति तहसील इकाई चांदपुर के अध्यक्ष मुनेश कुमार व एक्स सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष खिलेंद्र सिंह द्वारा सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष मे गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज चांदपुर में सभा आयोजित की गई उपस्थित पूर्व सैनिक समस्त स्टाफ एनसीसी कैडेट्स ने एक दूसरे को झंडा लगाया और प्रोफेसर अशोक कुमार और पूर्व सैनिक कृष्ण वीर शर्मा और योगेश शर्मा ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस 7 दिसंबर 1949 से मनाया जाता है और देश के नागरिकों से धन इकट्ठा कर सैनिकों के आश्रित पर खर्च किया जाता है। इसके उपरांत एसडीएम चांदपुर, सी ओ चांदपुर देश दीपक सिंह, अरविंद कुमार मित्तल, श्रवण कुमार, के के गुप्ता, महेंद्र सिंह त्यागी, हनी तोमर, नगर पालिका चेयरपर्सन, सभासद डॉ कुमार सेन गौतम, समाजसेवी आशु गोयल, सुरेश वाल्मीकि, गजेंद्र सिंह, सुभाष चंद्र गुप्ता, सुभाष चंद्र वर्मा, योगेश भटनागर, कृष्ण अवतार, गोविंद मित्तल, मोहित अग्रवाल, वीरेंद्र राजपूत, केशव चौधरी, अरविंद ज्वेलर्स, सुमित नारायण, अच्छन सिंह सरदार आदि को सशस्त्र सेना झंडा दिवस लगाया गया।

# गरीब के आशियाने में लगी आग लाखों का हुआ नुकसान



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**मंडावर।** देर रात झोपडीनुमा मकान मे अचानक आग लग गई। आग लगने की सुचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। गाँव करीमपुर बमनोली उर्फ नंगली निवासी रफीक अहमद झोपडी नुमा मकान मे रहता है। शनिवार की रात वह परिजनों के साथ अपने झोपडी नुमा मकान मे सौ रहा था। रात 12 बजे के करीब पड़ोस मे रहने वाले सोनू की पुत्री शानिया की आँख खुली तो उसने रफीक के झोपडी नुमा मकान मे आग लगती देख शोर मचा दिया शोर सुनकर सोनू व आसपास के ग्रामीण रफीक के मकान की ओर दौड़ पड़े ओर किसी तरह घर के अंदर सौ रहे रफीक ओर उसके परिजनों को बाहर निकाला जिसके बाद मंडावर पुलिस व फायर बिर्गेड को सुचना दी सुचना पर पहुंची फायर बिर्गेड की टीम ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग की चपेट मे आकर घर के अंदर बँधी तीन बकरियों की मौत हो चुकी थी। रफीक के पुत्र समीर ने बताया की आग लगने से घर मे रक्खी आठ हजार की नगदी, बिक्की, व अन्य सभी सामान जल गया जिससे उनका लगभग तीन लाख रूपए का नुकसान हुआ है। समीर का आरोप है की उनके घर मे पीछे से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाईं गई है।

# दो आरोपियों को तीन माह के लिए किया गया जिला बदर



**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा।** विभिन्न आपराधिक मामलों में लिप्त दो आरोपियों को पुलिस ने एडीएम के आदेश पर तीन माह के लिए जिला बदर किया है। जिला बदर की अवधि के दौरान यदि आरोपी जनपद की सीमा में पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। दोनों आरोपी गांव सरकड़ी निवासी रोशन और सूरजपाल हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी लंबे समय से विभिन्न आपराधिक घटनाओं में संलिप्त थे, जिससे क्षेत्र की शांति-व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा ने बताया कि दोनों आरोपियों के घरों के बाहर मुनादी कराकर ग्रामीणों को उनके बारे में अवगत कराया गया। इसके बाद दोनों आरोपियों को जनपद की सीमा से बाहर मुरादाबाद के मूंढापांडे क्षेत्र की सीमा पर छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक आदेश के तहत दोनों आरोपियों को तीन माह की निर्धारित अवधि तक जनपद की सीमा से बाहर रहना अनिवार्य होगा। इस अवधि में यदि वे जिले की सीमा में पाए जाते हैं, तो उनके विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध तमंचे और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

मडावर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया बालावाली बैरियर के पास चेकिंग के दौरान एक युवक को एक अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है। पुलिस के मुताबिक रविवार की देर शाम मंडावर थाना प्रभारी सुमित राठी के नेतृत्व मे बालावाली चौकी इंचार्ज आदेश कुमार हेड कांस्टेबल सुशील मलिक, कांस्टेबल नीरज कुमार, कांस्टेबल भगत सिंह, होमगार्ड सतपाल बालावाली बैरियर के पास चेकिंग कर रहे थे। तभी उन्होंने एक बाइक सवार जब्बाद पुत्र खुर्शीद निवासी सुठारी नहदपुर थाना लक्सर जनपद हरिद्वार को रोका तो उसके पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस मिला पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसकी बाइक सीज करते हुए सोमवार को उसका उचित धारों में चालान कर दिया है। थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।

## पुलिस ने गैरइरादतन हत्या की घटना में संलिप्त दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

**डिबाई/बुलंदशहर/** सोमवार को वादिया शकीला पत्नी यूसुफ निवासी मौ0 बंजारा नगला कस्बा व थाना छतारी ने थाना डिबाई पर तहरीर दी कि 02-03 अज्ञात अभियुक्तों द्वारा उसके पति यूसुफ (उम्र करीब 40 वर्ष) के साथ ग्राम भीमपुर के पास गाली गलौच कर मारपीट की गयी है। पुलिस कर्मियों एवं परिजनों द्वारा यूसुफ को उपचार हेतु सीएचसी दानपुर ले जाया गया जहां से उसे हायर सेंटर मेडिकल कॉलेज अलीगढ रेफर किया गया। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना डिबाई पर दिनांक 07.12.2025 मुअसं-837/25 धारा 115(2)/352/110 बीएनएस पंजीकृत किया गया है। देर रात्रि में उपचार के दौरान युसुफ की मृत्यु हो जाने पर अभियोग में धारा 105 बीएनएस की वृद्धि की गयी। उक्त घटना के क्रम में को थाना डिबाई पुलिस द्वारा घटना मे संलिप्त 02 अभियुक्तों भरत व राज वर्मा को ग्राम चौगानपुर मोड तहसील गेट के सामने से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में थाना डिबाई पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# शिव सेना ने सार्वजनिक शौचालय की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**धामपुर।** शिवसेना यूबीटी के जिला प्रमुख चौ. संजय राणा के नेतृत्व में शिव सैनिकों एवं स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र की ग्राम पंचायत इस्लामनगर में पुराना कालागढ स्थित रोडवेज बस स्टैंड पर सार्वजनिक शौचालय एवं श्मशान घाट तक पक्का मार्ग बनाने की मांग को लेकर बीडीओ अफजलगढ को ज्ञापन सौंपा। चौधरी संजय राणा ने अवगत कराया कि अमानगढ आरण्य में बड़ी तादाद में आने वाले पर्यटकों, महिला यात्रियों एवं बसों के चालक एवं परिचालकों को बस स्टैंड पर सार्वजनिक शौचालय न होने से विवश होकर खुले में शौच करना पड़ रहा है। प्रधानमन्त्री जी के स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लग रहा है। इसके अतिरिक्त श्मशान घाट तक पक्का मार्ग न होने के कारण बषार्काल में शव की अंतेष्ठी के लिए क्षेत्रवासियों को कीचड में होकर जाना पड़ता है। ज्ञापन देने वालों में शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी संजय राणा, जिला महासचिव डा. सी पी सिंह, विधानसभा अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र सिंह सिरोही, इस्लामनगर ग्राम पंचायत प्रमुख परशुराम, मनवीर सिंह यादव, हरविंदर सिंह, भवानी सेना जिला उपप्रमुख विजयलक्ष्मी रावत, तहसील प्रभारी राधिका राजपूत, ब्लाक अध्यक्ष गुरमीत कौर आदि मौजूद रहे।



# श्रीकुल पीठ पीठाधीश्वर की प्रारम्भ हुई धर्म यात्रा पर उज्जैन महासंघ द्वारा किया गया अभिनंदन

वेलकम इंडिया



**वाराणसी मिजार्मुराद।** सनातन धर्म के वैश्विक पुनर्जागरण, समन्वय एवं संरक्षण के पावन उद्देश्य से कार्यरत श्री कुल पीठ ब्रह्मराष्ट्र एकम्‌विश्व महासंघ न्यास के संस्थापक एवं श्रीकुल पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 डॉ. सचिन्द्र नाथ जी महाराज तथा महंत आनंद भैरवनाथ महाराज उज्जैन आगमन पर धर्म यात्रा महासंघ एवं तीर्थ पुरोहित महासंघ द्वारा भव्य अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर अचार्य सुशील चौबे (वाराणसी) द्वारा शुभ स्वस्तिवाचन किया गया तथा राष्ट्रीय महामंत्री पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी, प्रदेश अध्यक्ष अशोक कोटवानी, एवं विनय कुमार ओझा, एम.एस. अचाले, विवेक जोशी, गोवर्धन परमार, कुशाग्र मिश्रा, अरविन्द सिंह, रितेश मिश्रा सहित अनेक पदाधिकारीगणों ने महाराज श्री का स्वागत कर सनातन धर्म जागरण यात्राओं पर विस्तृत चर्चा की।

विश्वभर में सनातन प्रचार का मिशन महाराज श्री द्वारा सनातन धर्म से विमुख हुए पंथों एवं संप्रदायों को पुनः मुख्यधारा में जोड़ने के साथ-साथ, युवाओं को संस्कृत-संस्कृति-संस्कार के आधार पर सनातन धारा से जोड़ने का अभियान लगातार जारी है।

विभिन्न प्रतिष्ठित यात्राओं में अग्रदूत रहे पूज्य महाराज श्री अयोध्या में श्री राम मंदिर उद्घाटन अवसर पर श्री राम पग यात्रा का शुभारंभ, वाराणसी में नव संवत्सर उत्सव शोभा यात्रा का आयोजन, तीन दिवसीय शिव पथ यात्रा का सफल संचालन, बागेश्वर धाम महाराज की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में सहभागिता रही है।

उज्जैन आगमन पर महाराज श्री ने बाबा महाकाल के दर्शन पूजन कर राष्ट्र-धर्म कल्याण हेतु प्रार्थना की और तत्पश्चात धर्म यात्रा महासंघ के पदाधिकारियों के साथ संवाद के दौरान सनातन एकता और वैश्विक प्रचार की दिशा पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

सनातन राष्ट्र जागरण हेतु ब्रह्मराष्ट्र एकम्‌ विश्व महासंघ सतत इस संकल्प के साथ अग्रसर है कि हर सनातनी का हाथ, धर्म रक्षा की चेतना के साथ बनी रहे। संस्था जनमानस को एक सूत्र में बाँधकर संस्कृति, आध्यात्मिकता व राष्ट्रधर्म के नवयुग को साकार करने हेतु प्रतिबद्ध है। सभी का आभार व्यक्त करते हुए वड़ोदरा के लिए प्रस्थान कर गए।

## दाह संस्कार करने गया युवक गंगा में डूबा, मौत

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्पुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के बरैनी गंगा घाट पर सोमवार की दोपहर में दाह संस्कार करने गया मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के ठठरा गांव निवासी दिलीप कुमार (32) पुत्र झल्लन की गंगा में डूबने से मौत हो गया। जानकारी के अनुसार युवक अपने मोहल्ले के 70 वर्षीय नक्खड़ चमार के दाह संस्कार में शामिल होने गया था। दाह संस्कार के बाद दोपहर करीब तीन बजे सभी गंगा स्नान कर रहे थे कि दिलीप का अचानक पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया जहां मौजूद लोगों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन वह गहरे पानी में जाने से डूब गया। जिससे गंगा घाट पर अफरातफरी मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कछवां पुलिस ने गंगा में नाविक महात्मा निषाद के साथ जाल लगाकर खोजबीन करने में जुटी रही।

# हादसे रोकने हेतु बंद कराए गए अनावश्यक कट

संदीप तिवारी वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद पुलिस ने डीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल व एडीसीपी वैभव बांगर के आदेश पर हाईवे किनारे पेट्रोल पंप एवं ढाबा के सामने अवैध एवं अनावश्यक रूप से बने कट प्वाइंट को सोमवार को एनएचएआई कर्मियों संग मिजार्मुराद पुलिस पीएसी बल के साथ मिलकर बंद कराया।

सर्विस रोड पर जाने के लिए बनाए गए अनावश्यक कट की वजह से अक्सर दुर्घनाएं होती थीं। पुछले दिनों गोमती जोन डीसीपी एवं एडीसीपी के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि नेशनल हाईवे पर स्थित पेट्रोल पंप व ढाबों के सामने बना यह अनावश्यक कट दुर्घटना की वजह बन रहे हैं। जिसपर पुलिस द्वारा गुड़िया, बिहड़ा, ठठरा, चित्रसेनपुर, खोचवा, रूपापुर, डंगहरिया, भिखीपुर समेत अन्य जगहों पर ढाबों के सामने व पेट्रोप पंप के सामने खुले सभी कट प्वाइंट पर लोहे के प्लेट लगाकर बंद करवाए के साथ ही नाले पर बने रास्ते को जेसीबी से तोड़कर प्लेन करवा दिया।

इस दौरान मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय, एसएसआई अजय तिवारी, कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश पटेल, खजुरी चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी, एसआई रामचंद्र यादव, साबिर खान, मधुसूदन त्रिपाठी समेत भारी संख्या में पुलिस एवं पीएसी मौजूद रही वही कई जगहों पर बंद हो रहे कट का पेट्रोप पंप कर्मी विरोध किये लेकिन एक न चली।

## सार संक्षेप

### बेस्ट एनडीए कैडेट दीपक कांडपाल ने छात्रों को दिए सफलता के मूलमंत्र




**गरुड़, दिनेश नेगी।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज गरुड़ में एनडीए एकेडमी के बेस्ट कैडेट दीपक कांडपाल ने विद्यालय पहुंचकर विद्यालय के छात्रों को सफलता के मूलमंत्र दिए। मूल रूप से कौसानी निवासी दीपक कांडपाल को एनडीए में एकड़मी में विभिन्न प्रशिक्षणों में बेस्ट कैडेट घोषित करते हुए राष्ट्रपति द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। वही बेस्ट एनडीए कैडेट के मंच पर पहुँचते ही विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में दीपक ने छात्रों को सफलता के गुर सिखाते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित करो और उसे पाने तक मेहनत करते रहो। मेहनत से हर लक्ष्य संभव है। दीपक ने छात्रों से पढ़ाई में अनुशासन, निरंतरता और सकारात्मक सोच अपनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि सपने कितने भी बड़े हों शुरूआत हमेशा छोटे कदमों से होती है लेकिन हार ना मानने वाला इंसान ही जीतता है। दीपक ने सभी छात्रों को सभी परीक्षाओं को चुनौती मानते हुए बस मन में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने का लक्ष्य मन मे निर्धारित करने की अपील की। दीपक के संदेश को छात्रों ने प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने दीपक से संवाद किया और एनडीए में चयन की तैयारी के बारे में सुझाव भी लिए। इस दौरान कार्यक्रम में उप खंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु सिंह, प्रधानाचार्य गिरीश नेगी, एनसीसी प्रथम अधिकारी मोहन चन्द्र जोशी, सहित विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### 17 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगा पेंशन दिवस

**मथुरा।** वरिष्ठ कोषाधिकारी मुन्ना लाल शुक्ल ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राज्य सरकार के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं की जनपद स्तर पर सुनवाई एवं निराकरण हेतु प्रतिवर्ष 17 दिसम्बर को पेंशनर दिवस मनाये जाने के आदेश है। अतः दिनांक 17 दिसम्बर को दोपहर 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर दिवस मनाया जायेगा, जिसमें सभी विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष एवं पेंशनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। पेंशनर दिवस में जनपद के प्रमुख कार्यालयध्यक्ष भी प्रतिभाग करेंगें, ताकि पेंशनरों की ऐसी समस्याएँ, जिनका निराकरण कार्यालयाध्यक्षों द्वारा किया जाना है, की सुनवाई हो सके, एवं उन पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।

# साथ ,अपना विकास , जनता का सत्यानाश' : भाजपा का 'दोगला चेहरा' हुआ उजागर : आनंद गुर्जर

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** सपा जिलाध्यक्ष ने लगाया गंभीर आरोप, पिलखुवा के वार्ड 11 में जातिगत भेदभाव से सड़क निर्माण रोकने का मामला



हापुड़, 8 दिसंबर 2025 समाजवादी पार्टी (सपा) के हापुड़ जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जनता के सामने 'दोगला चेहरा' उजागर करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ₹सबका साथ, सबका विकास₹ का नारा देने वाली भाजपा केवल अपना विकास चाहती है, और उनके क्रियाकलापों से यह सिद्ध हो गया है कि उन पर ₹सबका साथ, अपना विकास, जनता का सत्यानाश₹ वाला नारा सटीक बैठता है। वोट न देने पर रोका गया सड़क निर्माण मामला नगर पालिका पिलखुवा के वार्ड 11 से जुड़ा है। सपा जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर के अनुसार, वार्ड के भाजपा सभासद लोकेश ने कोरी समाज के निवासियों के लिए बन रही सड़क का काम इसलिए बीच में छोड़ दिया, क्योंकि इन निवासियों ने पिछले चुनाव में समाजवादी पार्टी के सभासद प्रत्याशी को वोट दिया था।

चेयरमैन से शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान पीड़ित निवासियों ने इस भेदभावपूर्ण कार्य के संबंध में नगर पालिका के भाजपा चेयरमैन से शिकायत की। गुर्जर ने आरोप लगाया कि चेयरमैन ने भी कोरी समाज की महिलाओं और निवासियों को सिर्फ आश्वासन देकर टालने का काम किया। जिलाधिकारी के समक्ष उठाया गया मुद्दा विवश होकर, कोरी समाज के निवासियों ने इस समस्या को लेकर शिकायत पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया। जिलाधिकारी महोदय ने मामले की गंभीरता को समझते हुए अविलंब मौके पर जाने और जनता की अनदेखी पर तुरंत कार्य करने का निर्देश नगर पालिका के अधिकारी को दिए हैं।

कार्यवाही न होने पर सपा करेगी जनहित की लड़ाई जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर ने स्पष्ट किया है कि अगर इस मामले में जल्द कार्यवाही नहीं हुई, तो समाजवादी पार्टी जनहित की इस लड़ाई को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। इस अवसर पर सपा के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें राजेश यादव, पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट, हम्माद मतीन, गौरव कुमार, तारा चंद, पूनम देवी, गौतम, रेखा, सीमा, प्रीति, संगीता, सविता, रजनी आदि शामिल थे।

## राष्ट्रपति पदक से सम्मानित डॉ. वेदपाल चपराना का हापुड़ में भव्य स्वागत



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** बिजनौर और अमरोहा के जिला कमांडेंट, डॉ. वेदपाल चपराना को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित होने के बाद हापुड़ में उनके प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। सिंभावली थाने के सामने आयोजित इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा (स्थापित 1908) के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र नागर ने उन्हें फूलमाला और पटका पहनाकर शुभकामनाएं दीं। कपिल हूण ने इस अवसर पर जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. चपराना को यह गरिमापूर्ण सम्मान होमगाड्र्स विभाग के 63वें स्थापना दिवस के अवसर पर लखनऊ स्थित होमगार्ड मुख्यालय में आयोजित भव्य परेड के दौरान मिला।

# 70 दुकानों पर भरा पड़ा यूरिया

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** शासन-प्रशासन की लाख कोशिशें के बाद भी यूरिया पर कालाबाजारी खत्म नहीं हो रही है। बाजार में यूरिया या तो मिल नहीं रहा और मिल भी रहा है तो 50 ? महंगा। जिले के करीब साडे 500 खाद्य विक्रेताओं में से 70 के पास भरपूर स्टॉक रखा है। जिला कृषि अधिकारी ने सभी कंपनियों को इन लोगों को खाद न देने के निर्देश शनिवार और सोमवार को जारी किए हैं। जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार के कार्यालय द्वारा उर्वरक विक्रेताओं के व्हाट्सएप ग्रुप में 70 उर्वरक विक्रेता हूं के नाम मोबाइल नंबर और स्थान सहित लिस्ट जारी की है। इसमें वंश खाद भंडार छाता के यहां 190 मीट्रिक टन, आईएफडीसी के एस के छडगांव रिफाइनरी मथुरा के यहां 154 एम टी, मां लक्ष्मी ट्रेडर्स मथुरा 98 एम टी, एग्री जंक्शन गोवर्धन 84 एम टी, आईएफटीसी केएसके नगला मोरा 78 एम टी, किसान खाद बीज भंडार 71 एमटी सहित सभी 70 विक्रेताओं के यहां अनाप-शनाप खाद भरा पड़ा है। विभागीय सूत्रों की माने तो हर दिन सुबह 9:00 बजे डायरेक्टर स्तर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उर्वरक स्टॉक की जानकारी दी जाती है। जनपद के 70 दुकानदारों द्वारा खाद का स्टॉक भले ही बेच दिया हो लेकिन पीओएस मशीन पर उसे चढ़ाए न जाने के कारण भरपूर खाद रिकॉर्ड में दिख रहा है। मांग और आपूर्ति की स्थिति को ठीक करने के लिए जिला कृषि अधिकारी कार्यालय से स्टॉक निल न करने वाले विक्रेताओं को किसी भी कंपनी द्वारा यूरिया न दिए जाने का नोटिस जारी किया गया है। जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार ने बताया कि दुकानदार किसान की मांग के अनुरूप उर्वरक की उपलब्धता बनाए रखने के लिए जितना खाद लें उसे साथ के साथ विक्रय करके रिकॉर्ड में निल करें।

# छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

संदीप तिवारी वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित किसान इंटरमीडिएट कालेज में सोमवार को मिशन शक्ति के तहत मिजार्मुराद पुलिस द्वारा व सार्थक प्रयास वेलफ्रेयर सोसायटी के द्वारा छात्राओं को जागरूक किया गया व साइबर क्राइम के प्रति भी छात्र-छात्राओं दोनों को जागरूक किया गया।

मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय एवं सार्थक प्रयास वेलफ्रेयर सोसायटी से जुड़ी रेनू ने कहा कि सरकार बेटियों के सम्मान में सरकार तमाम सुविधाएं शुरू की है छात्राएं समाज के दुश्मनों का डटकर सामना करें।

इस दौरान वूमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एंबुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, कानूनी प्रावधानों, महिला अधिकारों एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में सार्थक एवं सकारात्मक चर्चा करते हुए पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया। साइबर क्राइम और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। कहा कि सोशल मीडिया या फोन पर अनजान लोगों से व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। साइबर अपराध या धोखाधड़ी का शिकार होने पर 1930 पर काल करें व साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. शिवराज मिश्रा, विमल सिंह, प्रवक्ता सुरेन्द्र तिवारी, संजीव सिंह गौतम, उमाशंकर, अखिलेश सिंह, एसएसआई अजय तिवारी, एसआई अविनाश सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# हापुड़ में बार काउंसिल प्रत्याशी विश्वदीप अवस्थी का जोरदार स्वागत, विश्व ब्राह्मण संघ ने दिया पूर्ण समर्थन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य प्रत्याशी विश्वदीप अवस्थी का हापुड़ में विश्व ब्राह्मण संघ यूपी (भारत) द्वारा भव्य और गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम प्रभा विहार, स्वर्ग आश्रम रोड, हापुड़ स्थित विश्व ब्राह्मण संघ यूपी (भारत) के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा के आवास पर आयोजित किया गया। भगवान परशुराम जी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया सम्मान इस अवसर पर, प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा और प्रदेश कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चंद शर्मा एडवोकेट ने प्रत्याशी विश्वदीप अवस्थी को पटका और फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। साथ ही, उन्हें भगवान श्री परशुराम जी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

विश्व ब्राह्मण संघ का पूर्ण समर्थन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सोमदत्त शर्मा ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य प्रत्याशी विश्वदीप अवस्थी को विश्व ब्राह्मण संघ यूपी (भारत) पूर्ण समर्थन देता है। प्रदेश कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चंद शर्मा एडवोकेट ने सभी अधिवक्ताओं से भावुक अपील करते हुए कहा कि वे विश्वदीप अवस्थी को क्रम संख्या 327 पर अपनी प्रथम वरियता 1 का सहयोग प्रदान करें और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर अपना आशीर्वाद दें। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने तालियों के साथ इस समर्थन का अनुमोदन किया। कार्यक्रम में रही गणमान्य लोगों की उपस्थिति इस स्वागत समारोह में पंडित नरेश चंद शर्मा एडवोकेट, पंडित सतीश चंद्र शर्मा एडवोकेट, पंडित अशोक कुमार शर्मा एडवोकेट, प्रभु दयाल गोयल एडवोकेट, प्रशांत शर्मा एडवोकेट, राजकुमार सिंह एडवोकेट, देवेन्द्र शर्मा एडवोकेट, अजय शर्मा, सुनील शर्मा सहित विश्व ब्राह्मण संघ के अन्य पदाधिकारी गण और प्रतिष्ठित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## हाइवे पर खड़ी तीन ट्रक को पुलिस ने किया सीज

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के चित्रसेनपुर स्थित सब्जी मंडी के सामने सोमवार को हाईवे के किनारे अवैध रूप से खड़ी तीन ट्रक को कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश पटेल व ट्रैफिक पुलिस ने सीज कर दिया। वही अन्य खड़े वाहन पुलिस को देखते ही लोग लेकर भाग निकले। चौकी प्रभारी ने बताया कि हाइवों के किनारे अवैध रूप से खड़ी हो रही वाहनों से आए दिन घटनाएं हो रही है जिसको लेकर अधिकारियों के आदेश पर अभियान चलाया जा रहा है उसी क्रम में तीन ट्रकों को सीज किया गया है आगे भी कार्रवाई जारी रहेगा।

# कोतवाल अनिल उपाध्याय ने वरिष्ठ नागरिकों का जाना हालचाल

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्र में निवासरत बुजुर्गों/वृद्ध जनों एवं एकल जीवन जीने वाले सीनियर सिटीजनो से मुलाकात कर उनकी कुशलता पूछते उन्हें हर संभव पुलिस सहायता देने के निर्देश दिए। पुलिस उपाधीक्षक बागेश्वर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अनिल उपाध्याय द्वारा कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण कर वरिष्ठ/ एकल नागरिकों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम की जानकारी ली गई। कोतवाल अनिल उपाध्याय ने बुजुर्गों से मुलाकात कर कहा कि मित्र पुलिस हर कदम में हरसंभव सहयोग हेतु आपके साथ है। बुजुर्गों का सम्मान उनकी सेवा और उन्हें सहयोग देना अत्यंत नेकी का कार्य है। कोतवाल ने पुलिस क्षेत्र में कई स्थानों में वरिष्‍नागरिकों का हालचाल जाना, साथ ही उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उनकी किसी भी प्रकार की शिकायत के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए जरूरतमंद लोगों को यथासंभव सहयोग दिया। कोतवाल ने बाहरी व्यक्ति, किरायेदार सत्यापन, ऑपरेशन कालनेमी आदि की जानकारी दी। पुलिस हेल्पलाइन नँ. 112 की उपयोगिता, विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों/डिजीटल अरेस्ट आदि के बारे में जानकारी देकर बचाव हेतु जागरुक किया। साथ ही किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर साइबर हेल्पलाईन नंबर-1930 व पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने के सम्बन्ध में बताया।

# पंचकल्याणक महामहोत्सव में चतुर्थ दिवस तीर्थंकर बालक आदिनाथ का 1008 कलशो से हुआ जन्मभिषेक

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**





**मेरठ।** पंचकल्याणक महामहोत्सव में अभिषेक शांति धारा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ सेवा समिति के चेयरमैन वीरेंद्र जैन (पुष्प ज्वेलर्स) ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया उपाध्याय श्री अपने उद्बोधन में बताया कि तीर्थंकर आदिकुमार के जन्म समय एक क्षण को नारको में भी शांति छा गई थी सौधर्म इंद्र का सिंहासन कंपयमान हो गया था सोधर्म इंद्र ने अवधी ज्ञान से जाना की तीर्थंकर जन्म ले चुके हैं उन्होंने साक्षात प्रणाम किया उन्होंने अपनी सच्ची इंद्राणी से माता मरु देवी के पास से तीर्थंकर बालक को लेकर आने के लिए कहा सचि इंद्राणी ने माता को सुला कर उनके बराबर में मायावी बालक को लिटा दिया और साक्षात तीर्थंकर आदिकुमार को लेकर आ गई और सौधर्म को बड़ी मिन्नतों के बाद बालक आदि कुमार को सोप दिया सोधर्म इंद्र भगवान को 1008 नेत्रों से निहारते हैं और उन्हें भरत क्षेत्र में स्थित सुमेरु पर्वत पर ले जाकर क्षीर सागर के शुद्ध जल से 1008 कलशो से पांडकशिला पर विराजमान बालक आदिनाथ का जन्मभिषेक मानते हैं। यात्रा में सर्वप्रथम महोत्सव बैनर 5 जैन ध्वज चार घोड़े दो ऊंट सवार 11 झांकियां 21 बगिया इंद्राणी सहित पांच बैंड बाजे नपीरी शहनाई हाथी पर सवार कुबेर इंद्र इंद्राणी द्वारा पूरे रास्ते रतनो की वर्षा करते हुए सोधर्म इंद्र ऐरावत हाथी पर सवार होकर बालक आदिकुमार को लेकर चले। यात्रा का बहुत सारी जगह धर्म प्रेमियों ने स्वागत किया बालक आदि कुमार की आरती करी।

जन्मभिषेक का जुलूस रथ यात्रा के रूप में दिल्ली रोड मेट्रो प्लाजा किशुनपुरी शारदा रोड होते हुए वापस पनडुकशीला स्थल पर पहुंची प्रतिष्ठाचार्य ने आज की सभी धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराई ।कार्यक्रम में मंदिर पुणयार्जक परिवार चेयरमैन वीरेंद्र कुमार जैन पुष्प ज्वेलर्स प्रदीप जैन दीपक जैन ऋषभ जैन अजय जैन आलोक जैन विपिन जैन संजीव जैन (प्रवक्ता) संजय जैन कलश अभिनव जैन प्रदीप जैन मुकेश जैन संजीव जैन पंप वाले प्रथम जैन आनंद जैन आदि उपस्थित रहे मंगल आरती व शास्त्र सभा के साथ इंद्र दरबार, तत्वचर्चा गीत नृत्य, सोधर्म इंद्र का तांडव नृत्य तीर्थंकर आदि कुमार का पालना झूलाना, बाल क्रीडा का अद्भुत मनोहरी मंचन महोत्सव संपन्न हुआ।

# तनुजा, मानस व आशी ने जीती प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

**वेलकम इंडिया**



**कांडा। पंकज डसीला।** कांडा तहसील क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित कमस्यारघाटी के बगराटी गांव निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पदम सिंह डसीला की स्मृति में स्वतंत्रता सेनानी परिवार के सौजन्य से वर्ष 2009 से लगातार प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पीएस डसीला स्मारक राइका देवतोली के खेल मैदान में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बागेश्वर व पिथौरागढ़ जनपद के 11 विद्यालयों के चुनिंदा विद्यार्थियो ने प्रतिभाग किया। जिसमें राबाइंका कांडा, राइका देवतोली, खैरोली, सानीउडयार, भेंटा, सहित राउमावि रावतसेरा, सुकल्याड़ी, राजूहाइस्कूल चंतोला, लिटील एंजिल्स पब्लिक स्कूल बेरीनाग सहित क्षेत्रीय विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के परीक्षा प्रमुख अवकाश प्राप्त शिक्षाधिकारी भगवत सिंह रौतेला के दिशा निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिता की प्रतिभागी छात्रों द्वारा सराहना की गई। परीक्षा प्रमुख रौतेला ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आजाद हिंद फौज के सेनानी स्व० डसीला को श्रृद्धा सुमन अर्पित करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में तनुजा, मानस व आशी ने प्रतिभा खोज प्रतियोगिता जीती। जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय विजेताओं को क्रमशः 2500, 2000, 1000 रूपया नगद व ट्राफी सहित प्रमाण पत्र आयोजकों द्वारा दिए गये।

सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों को निकट भविष्य में हर सम्भव मदद के लिए दूरभाष के माध्यम से आश्वस्त किया ।प्रतियोगिता में प्रधानाचार्य गोकुलानंद कांडपाल, लाल सिंह डसीला, पूर्व प्रधान राजेंद्र खाती, प्रदीप जोशी, दीपक उप्रेती, रजनीश धामी, पूनम तिवाड़ी, भानुप्रिया रौतेला, हरीश डसीला, धाराबलल्लभ सुयाल, नवनीत महर, मानसी रतूड़ी, हर्षिता पांडेय, नीलम, प्रियंका पांडेय, दीपक डसीला, कुंदन रावत, आदि ने सहयोग दिया। कुमाऊ कमिश्नर दीपक रावत ने भी शोशल मीडिया में सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए इसे बेहतर अवसर बताते हुए स्वतंत्रता सेनानी परिवार के द्वारा 17 वर्षों के लगातार किए जा रहे प्रयासों की सराहना की हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दीपक रौतेला ने किया।

## सार संक्षेप

### बालश्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया, 7 प्रतिष्ठानों से 9 किशोर को गैर खतरनाक प्रक्रिया के अंतर्गत काम करते हुए पाया गया

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना के निर्देशन में सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल के निर्देश पर छटीकरा, जैत, अकबरपुर तथा छाता बाजार दिल्ली-आगरा हाइवे के आस-पास सोमवार को बालश्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। बालश्रम उन्मूलन अभियान में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें 7 प्रतिष्ठानों से 9 किशोरों को काम करते हुए पाया गया, जिनका चिन्हांकन गैर खतरनाक प्रक्रिया के अंतर्गत किया गया। इनके सेवायोजकों के विरुद्ध मौके पर नोटिस जारी किया गया। टीम में मुख्य रूप से श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रकाश चन्द, एएचटीयू प्रभारी एसआई राजुल कुमार, हेड कांस्टेबल योगेश व जीतेंद्र कुमार, एसजेपीयू टीम तथा चाइल्ड लाइन टीम उपस्थित रहे। किशोरों से नियम विरुद्ध कार्य करने पर कानून के अनुसार रुपए 10 हजार तक जुमार्ना अथवा 3 माह तक जेल अथवा दोनों सजा का प्राविधान है। कार्रवाई के दौरान कुछ सेवायोजकों एवं दुकानदारों द्वारा प्रतिरोध किए जाने पर उन्हें बाल व किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 के प्राविधानों से अवगत करते हुए बाल श्रमिकों का नियोजन न करने के बारे मे जानकारी दी गई।

### एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज में फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल, स्टाफ को दी गई ट्रेनिंग



**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** एल.एल.आर.एम. मेडिकल कॉलेज, मेरठ के मेडिसिन विभाग में फायर सेफ्टी एवं फायर फाइटिंग स्किल्स की मॉक ड्रिल आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य आग लगने की स्थिति में त्वरित, सुरक्षित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना था ।फायर ऑफिसर जितेन्द्र कुमार ने आग के प्रकार, शुरूआती प्रतिक्रिया, भीड़ व मरीज प्रबंधन तथा फायर एग्ज़िंग्विशर के सही प्रयोग पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। लाइव डेमो के दौरान स्टाफ ने व्यावहारिक अभ्यास भी किया ।कार्यक्रम में डॉ. योगिता सिंह (ल्डऊ), डॉ. आभा गुप्ता, डॉ. अरविन्द कुमार, डॉ. संध्या गौतम, डॉ. श्वेता शर्मा और डॉ. स्नेहलता वर्मा उपस्थित रहीं। विभाग ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण अस्पताल की तैयारी और सुरक्षा को मजबूत करते हैं।

### नशे का सौदागर गिरफ्तार, कब्जे से मादक पदार्थ बरामद



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** पुलिस थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग निवासी एक मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ लिया, पुलिस ने कब्जे से मादक पदार्थ बरामद कर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। डीआईजी सहारनपुर अभिषेक ने नशे के खिलाफ ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर विशेष अभियान चला रखा है। रविवार की देर रात पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के गंगेरू मार्ग रजवाहे पर मादक पदार्थ तस्कर मादक पदार्थों की बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार तेवतिया पुलिस टीम सहित मुखबिर के बताए गए स्थान पर पहुंचे और घेराबंदी करते हुए एक युवक को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम सालिम पुत्र मीनू निवासी सलेमपुर मार्ग कांधला बताया। पुलिस के अनुसार तलाशी लेने पर पकड़े गए मादक पदार्थ तस्कर के कब्जे से 400 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने सोमवार को मादक पदार्थ तस्कर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

# पेरिस बनाने का वादा निकला झूठा, सड़कों पर फैला कीचड़

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** नगर के गंगेरू मार्ग पर पालिका कर्मचारियों की घोर लापरवाही देखने को मिली नाले से निकाला गया कचरा, किचड़ कई दिन तक सड़क पर फैला रहा ।आसपास के लोगों ने रोष प्रकट करते हुए पालिका प्रशासन से निस्तारण की मांग की है। नगर पालिका परिषद की सफाई टीम ने कई दिन पूर्व नगर के नगर के गंगेरू मार्ग पर नालों की सफाई करते हुए कचरा, किचड़ बाहर निकाल दिया था। आसपास के दुकानदारों सहित राहगीरों का कहना है कि कई दिन बीत जाने के बाद भी नालों से निकाला गया कचरा, व किचड़ सड़क पर फैला हुआ है। सड़क पर गंदगी फैलने से आने जाने वाले राहगीरों सहित दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर वासियों का कहना है कि चुनाव से पूर्व वर्तमान पालिका अध्यक्ष ने नगर को पेरिस बनाने का वादा किया था।

पालिका अध्यक्ष अपने वादों पर खरें नहीं उतरे हैं पेरिस बनाने की बात तो दूर वह सड़क पर फैले कचरे व किचड़ को भी उठवाने में असमर्थ दिखाई पड़ रहे हैं। सोमवार को गंगेरू मार्ग के दुकानदारों ने रोष प्रकट करते हुए पालिका प्रशासन से कूड़ा उठा कर निस्तारण की मांग की है। सफाई लिपिक अमरीश कुमार का कहना है कि नाले से निकाला गया कचरा कई दिन तक गिला रहता है। सूख जाने के बाद ही उठाया जाता है ?। जिस कारण देरी हुई है जल्दी टीम भेज कर सड़क से कचरा उठाया जाएगा।

# पारीछा बैडमिंटन लीग सीजन-1 का हुआ समापन



**वेलकम इंडिया**

**झांसी (पारीछा)।** क्रीड़ा सचिव पारीछा, बैडमिंटन क्लब एवं जे ई क्लब के तत्वाधान में आयोजित पारीछा बैडमिंटन लीग सीजन 1-2025 का समापन रविवार को हुआ ।अंतिम मैच का शुभारंभ परियोजना प्रबंधक एवं मुख्य अतिथि अभियंता श्री राम नरेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक अभियंता श्री अनुग्रह रवि सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक इ. आर एन श्रीवास्तव ने आगे भी बैडमिंटन क्लब एवं खिलाड़ियों को सहायता देने एवं जे० ई० क्लब के हॉल में जल्द ही सिंथेटिक मैट लगवाने का आश्वासन दिया।

आयोजक समिति की तरफ से आभार व्यक्त किया गया। संचालन इ० नवीन कुमार सिंह ने किया। मैच में चीफ रेफरी किशनलाल की अगुवाई में फाइनल मैच खेला गया जिसको कोर्ट चैलेंजर्स की टीम ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में 21-14, 21-17 के सेट्स में कोर्ट कमांडर्स की टीम को मात देते हुए पहले सीजन का खिताब अपने नाम कर लिया। इसके पुरुष ओपन डबल्स में प्रेमपाल - शिवम और इ० राहुल गौतम - अभिषेक कुमार क्रमशः विजेता एवं उप विजेता रहे। इसमें विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

# फेफड़ों के जटिल रोगों पर बड़ी जीत की सरस्वती सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद के पिलखुवा के अनवरपुर में सरस्वती सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, हापुड़ ने रेस्पिरेटरी मेडिसिन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने 58 वर्षीय पुरुष मरीज बाल किशन पर अपनी पहली मेडिकल थोराकोस्कोपी प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न की। यह उपलब्धि न केवल अस्पताल की उन्नत चिकित्सा क्षमताओं का प्रमाण है, बल्कि क्षेत्र के मरीजों के लिए यह अत्यंत उत्साहजनक है, क्योंकि अब जटिल फेफड़ा रोगों के उपचार के लिए बड़े शहरों पर निर्भरता कम होगी ।मरीज पिछले पंद्रह वर्षों से सांस फूलने (डिस्पिनया) और पुरानी खांसी की समस्या से जूझ रहे थे। पिछले दस दिनों में उनकी स्थिति और गंभीर हो गई, जिसमें तेज बुखार और बाईं ओर छाती में दर्द की शिकायत भी शामिल थी। प्रारंभिक चेस्ट एक्स-रे में प्लूरल इफ्यूजन (फेफड़ों की झिल्ली के आसपास पानी) पाया गया, परंतु फ्लूड जांच इसकी प्रकृति स्पष्ट नहीं कर सकी, जिससे स्थिति जटिल हो गई ।इसके बाद किए गए वरॠ (अल्ट्रासाउंड) में मल्टी-सेप्टेटेड और जटिल प्लूरल इफ्यूजन की पुष्टि हुई, जो एम्पायमा या गंभीर एक्सयूडेटिव इफ्यूजन जैसी संभावनाओं की ओर संकेत करता था। विशेषज्ञ टीम ने सही निदान सुनिश्चित करने और उपचार की दिशा स्पष्ट करने के लिए मेडिकल थोराकोस्कोपी करने का निर्णय लिया ।मेडिकल थोराकोस्कोपी के दौरान चिकित्सकों ने प्लूरा (फेफड़े की झिल्ली) का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया और उच्च गुणवत्ता वाली बायोप्सी प्राप्त की। यह प्रक्रिया पारंपरिक ओपन सर्जरी की तुलना में अधिक सुरक्षित, कम दर्ददायक और तेज रिकवरी प्रदान करती है। बायोप्सी रिपोर्ट के आधार पर उपचार की दिशा तुरंत स्पष्ट हो सकी, जिससे मरीज को त्वरित लाभ मिला ।इस उपलब्धि के साथ हापुड़ एवं आसपास के जिलों के मरीजों के लिए एक बड़ा अवसर और राहत सामने आई है। फेफड़ों से संबंधित जटिल बीमारियों–जैसे प्लूरल इफ्यूजन, एम्पायमा, टीबी से जुड़े प्लूरल रोग और मैलिग्नेंट इफ्यूजन–के लिए अब मरीजों को दूर-दराज बड़े शहरों की ओर जाने की आवश्यकता कम होगी। स्थानीय स्तर पर यह उन्नत तकनीक उपलब्ध होने से समय की बचत, शीघ्र निदान और बेहतर रिकवरी की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं ।यह सुविधा उन मरीजों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है जो आर्थिक, स्वास्थ्यगत या दूरी की बाधाओं के कारण बड़े केंद्रों में उपचार नहीं करा पाते थे। सरस्वती सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में मेडिकल थोराकोस्कोपी जैसी आधुनिक तकनीक का उपलब्ध होना क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को नई ऊँचाइयों पर ले जाता है ।मेडिकल थोराकोस्कोपी का उपयोग अज्ञात कारण वाले प्लूरल इफ्यूजन, टीबी की पुष्टि, प्लूरल थिकेनिंग, मैलिग्नेंट प्लूरल इफ्यूजन तथा उळ/वरॠ से स्पष्ट न होने वाले प्लूरल रोगों के निदान में किया जाता है।

# प्रोजेक्ट प्रबंधक को राष्ट्रीय सैनिक संस्था द्वारा सम्मानित



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था की जिला इकाई हापुड़ के तत्वावधान में, संस्था के जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र त्यागी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने छिजारसी टोल प्लाजा पहुंचकर टोल प्रोजेक्ट प्रबंधक इंद्र प्रताप सिंह को सम्मानित किया। प्रतिनिधिमंडल ने इंद्र प्रताप सिंह को संस्था की एक पत्रिका भेंट की। जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र त्यागी ने बताया कि श्री सिंह की शालीनता, मधुरता और कार्यशैली से प्रभावित होकर उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया है ।इस सम्मान समारोह में उपस्थित रहने वालों में निम्नलिखित पदाधिकारी शामिल थे: जिला उपाध्यक्षः मुकेश त्यागी जिला सचिवः मुकेश प्रजापतिजिला अनुशासन सचिवः गुलशन राजन युवा कमांड के जिला उपाध्यक्षः अनिल त्यागी आदि रहे।

# गरुड़ में जनता दरबार लगाकर जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंड़े की अध्यक्षता में गरुड़ ब्लॉक में आयोजित जनता दरबार में आमजन की विभिन्न समस्याओं को सुना गया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए। जनता दरबार में 52 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें प्रमुख रूप से पेयजल, आपदा, विद्युत, वन, आवारा पशुओ से निजात दिलाने, सड़क, सिंचाई एवं शिक्षा से संबंधित मामले शामिल रहे। अधिकांश शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जिलाधिकारी ने आपदा संबंधी शिकायतों पर निर्देश देते हुए परिसम्पत्ति क्षति का आकलन निर्धारित मानकों के अनुरूप करते हुए जल्द नुकसान की भरपाई हेतु सम्बंधित विभागों को आगणन बनाते हुए शीघ्र आवश्यकीय कार्यो को पूर्ण करने तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही नही बरतने के निर्देश दिए ।वन विभाग को सभी योजनाओं को सुदृढ़ करने अधिक से अधिक फलदार पौधों का रोपण करने तथा जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान के लिए स्पष्ट नीति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।पेयजल आपूर्ति के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर तक पानी पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, साथ ही विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता को सभी विद्युत लाइनों को ठीक कर सुरक्षित स्थिति का प्रमाणपत्र उपलब्ध करने तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने, सभी विभागों में बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य करते हुए कहा कि उपस्थिति का दैनिक विश्लेषण करने, कार्यालयाध्यक्षों को कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। कहा कि किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी ।जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर कोई शिकायत लंबित न रहे ।कहा कि हमारा एक ही लक्ष्य है और वो है जनता को कुशल प्रशासनिक व्यवस्था प्रदान करना, और सेवा करना ।वहीं पीएमजीएसवाई के अभियंता को बिना तैयारी बैठक में आने के लिए स्पष्टीकरण तलब किया गया। साथ ही जल संस्थान एवं जल निगम के अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए गए ।इस दौरान दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि जनता दरबार आमजन की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम है और जनसेवा के लिए हम सभी को अधिक तत्परता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए ।जनता दरबार में ब्लॉक प्रमुख किशन सिंह बोरा, जिपं सदस्य जनार्दन लोहनी, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, जिपं सदस्य कौसानी बबलू नेगी, मुख्य विकास अधिकारी आर सी. तिवारी, एसडीएम अनिल चनियाल सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।







# डीएम की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा से संबंधित बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा से संबंधित बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जयप्रकाश उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए कहा कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य चल रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) घर में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार आगामी 11 दिसंबर 2025 तक एसआईआर का कार्य पूर्ण कर लिया जाना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील किया है कि वह विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 में गणना प्रपत्रों के डिजिटाईजेशन में सक्रिय भागीदारी निभावें। बूथ लेवल अधिकारी एवं बूथ लेवल एजेन्ट्स से सम्पर्क कर ठङ्ग टंस्त्रर्स्त्रल्ल्ॅ का अनुपात कम करें। जो मतदाता ठङ्ग टंस्त्रर्स्त्रल्ल्ॅ में अवशेष रह जाते हैं उनकी सूची बूथ लेवल अधिकारी द्वारा अपने-अपने बूथ पर चस्या करा दें तथा बूथ लेवल ऐजन्ट्स को अवगत करा दें। उन्होंने कहा कि फार्म-6 के लिए जो लोग आवेदन कर रहे है उनका फार्म-6 भी बूथ लेवल अधिकारी फीड कर दें और बूथ लेवल अधिकारी ऐप पर फार्म फीड करने हेतु आप्शन खुला है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि दिनांक 12/12/2025 को बूथ लेवल अधिकारी एवं बूथ लेवल एजेन्ट्स की बैठक अपने-अपने बूथ पर कर लें और उसकी कार्यवृत्त, फोटोग्राफ्स एवं 30 सेकेण्ड का वीडियो बना लिया जाय। उन्होंने समस्त मतदाताओं को अश्वस्त किया है कि किसी का भी नाम जो वास्तविक मतदाता है, वह छूटेगा नहीं। सभी लोग सहयोग बनाते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के दूसरे चरण में सहयोग प्रदान करें।

# बाइक की चपेट में आई मासूम, गंभीर रूप से घायल

**कांधला।** कस्बे के गंगेरू रोड पर तेज रफ़्तार बाइक की चपेट में आने से नो वर्षीय मासूम बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफराझतफरी मच गई। राहगीरों और मोहल्लेवासियों ने तुरंत मानवता दिखाते हुए बच्ची को निजी चिकित्सालय पहुँचाया तथा परिजनों को सूचना दी।सोमवार को गंगेरू रोड निवासी उमरदीन की नो वर्षीय बेटी शबनम अपने घर के बाहर गली में खेल रही थी। इसी दौरान गंगेरू की ओर से तेज रफ़्तार में आ रहे एक बाइक सवार ने नियंत्रण खो दिया और मासूम को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगते ही बालिका सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।घायल की चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। लेकिन घटना के तुरंत बाद बाइक सवार मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। मोहल्लेवासियों ने राहगीरों की मदद से घायल बच्ची को तुरंत कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उसका उपचार जारी है। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना घायल बालिका के परिजनों को दी।समाचार लिखे जाने तक इस मामले में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

# थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्रवाई वांछित अभियुक्त 13 गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी पुलिस ने थाना अध्यक्ष निराला तिवारी के नेतृत्व में 7 दिसंबर 2025 को लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया। पुलिस की यह कार्रवाई क्षेत्र में सुरक्षा एवं शांति-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में बड़ी सफलता मानी जा रही है।सबसे पहले खीरी पुलिस टीम ने तीन वांछित वारंटी अभियुक्तों को दबिश देकर गिरफ्तार किया।

इन पर न्यायालय से जारी वारंट लंबित चल रहे थे। वहीं दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस के साथ दो अभियुक्तों को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है।इसी क्रम में शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में पुलिस ने अभियान चलाकर 07 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। सभी को आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए चालान किया गया।अलग अभियान में पुलिस ने एक महिला को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित शराब पिपही में भरकर बेचने की फिराक में थी।थाना अध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों, अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों तथा वांछित अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की टीम क्षेत्र में गश्त बढ़ाकर अपराध नियंत्रण हेतु सक्रिय है।पुलिस द्वारा एक ही दिन में की गई यह कार्रवाइयाँ क्षेत्र में सुरक्षा और अपराधियों में खौफ का संदेश दे रही हैं।

# छह नन्हें तलबाओ ने शुरू किया हिफ़्ज-ए-कुरआन का सफर



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के मोहल्ला खैल स्थित जामिया अरबिया कासिमुल उलूम में आधा दर्जन नन्हें तलबाओ ने हिफ़्ज-ए-कुरआन का आगाज किया गया। कार्यक्रम की सरपरस्ती मौलाना सैयद बदरुल हुदा साहब ने की।उन्होंने कहा कि हिफ़्ज-ए-कुरआन सिर्फ़ तालिमी सफर नहीं, बल्कि अल्लाह की एक मुकद्दस अमानत है जो चुनिंदा दिलों में बसाई जाती है। छह बच्चों का हिफ़्ज शुरू होना जामिया के लिए फख्र की बात है। उन्होंने दुआ की कि अल्लाह तआला इन तलबाओ को मुकम्मल हाफि ज-ए-कुरआन बनाए और उनकी ज़िंदगी में बरकतें दे।नायब मोहतमिम मौलाना सैयद मजहरुल हुदा ने कहा कि जामिया की कोशिश है कि बच्चों को दीन की बुनियादी तालीम बेहतरीन माहौल में दी जाए। हिफ़्ज शुरू करने वाले तलबा, मोहम्मद हम्द, मोहम्मद दानिश, अयान, अब्दुस समद, सूफियान और हुजैफा झ्र लगन और इस्तिकामत के साथ आगे बढ़ेंगे तो अल्लाह तआला उनकी राहें आसान करेगा। इस दौरान मौलाना सैयद बदरुल हुदा साहब ने अमन चैन की दुआ मांगी।इस मौके पर मौलाना रिजवान, कारी अब्दुस शकूर, हाजी शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

# विद्युत पोल पर लगी भीषण आग, हड़कंप मचा; कॉलोनी की बिजली गुल



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे की जन्नत कॉलोनी में सोमवार शाम उस समय दहशत का माहौल बन गया जब एक विद्युत पोल पर लगे प्लास्टिक बॉक्स में अचानक भीषण आग भड़क उठी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बॉक्स के अंदर मौजूद तारों में अचानक तेज चिंगारी उठी, जिसके कुछ ही ही क्षण बाद आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते बॉक्स धू-धूकर जलने लगा। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए।आग बढ़ते ही प्लास्टिक बॉक्स और विद्युत तार जलकर नीचे जमीन पर गिर पड़े, जिससे पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। मौहल्ले के लोगों ने बिजलीघर पर फोन कर कर्मचारियों को सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई।विद्युत आपूर्ति बंद होने के बाद मोहल्लेवासियों ने राहत की सांस तो ली, लेकिन साथ ही बिजली गुल होने से क्षेत्र की परेशानी भी बढ़ गई। अचानक बिजली कट जाने के कारण दैनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो गई।सूचना पर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त बॉक्स व जले हुए तारों का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य शुरू किया। विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि आग तारों में शॉर्ट सर्किट होने से लगी।

# प्रदेश के सभी 403 विधायकों को ज्ञापन देगा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन : डॉ बलराम त्रिपाठी

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह के निर्देश पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा एक साथ उत्तर प्रदेश के सभी 403 विधायकों को आगामी 12 दिसंबर को तथा 80 सांसदों को तीस दिसम्बर को पत्रकारों की बिभिन्न समस्याओं का समाधान कराने के लिए ज्ञापन दिया जाएगा।

उक्त जानकारी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के बस्ती मण्डल के अध्यक्ष डॉ बलराम त्रिपाठी ने दी है।उन्होंने बताया कि एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि संघर्ष के तीसरे चरण में आगामी 12 दिसंबर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के सभी 403 विधानसभा के विधायकों को व 30 दिसंबर मंगलवार को उत्तर प्रदेश के सभी 80 लोकसभा सांसदों को पत्रकारों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन उनके आवास पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत एक साथ पदाधिकारियों द्वारा दिया जाएगा।यह संगठन प्रदेश के तहसील, ब्लाक तथा जिला एवं कस्बों में कार्यरत पत्रकारों का सबसे अधिक सदस्य संख्या वाला सक्रिय एवं पंजीकृत संगठन है। सरकार की नीतियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य ग्रामीण पत्रकार करते हैं।उत्तर प्रदेश के अलावा देश के कई अन्य राज्यों में भी यह सक्रिय भूमिका में है। प्रदेश के सभी जनपदों में शासन द्वारा गठित जिला स्तरीय स्थायी समिति में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गण लगातार बैठकों में पत्रकारों की समस्याओं को उठाकर उसका समाधान भी करा रहे हैं।इसके अलावा संगठन ने पत्रकारों का सामूहिक बीमा कराकर उनके जीवन की सुरक्षा और इलाज के लिए हेल्थ कार्ड दिलाकर सम्मान दिलाया है।

पत्रकारों के साथ किसी भी तरह का उत्पीड़न संगठन कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगा। संगठन द्वारा प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों पर पत्रकारों की समस्याओं को लेकर जिला और मण्डल स्तर पर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन 12 नवंबर को दिया जा चुका है।आगामी 12 दिसंबर को प्रदेश के सभी 403 विधायकों को तथा 30 दिसंबर को सभी 80 सांसदों को भी एसोसिएशन की तरफ से विभिन्न मांगों का समाधान कराने के लिए ज्ञापन दिया जाएगा।

मण्डल अध्यक्ष ने बस्ती मंडल के जनपद बस्ती तथा सिद्धार्थनगर एवं संतकबीरनगर के जिलाध्यक्षों को उक्त दोनों तिथियों को ज्ञापन देने के लिए अपनी तैयारी समय से करते हुए निर्धारित अवधि के भीतर सदस्यता पूर्ण कराने तथा तहसील इकाइयों का गठन कर लेने का निर्देश दिया है।बस्ती मण्डल के तीनों जनपदों बस्ती एवं सिद्धार्थनगर तथा संतकबीरनगर में संगठन को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए जिला तथा तहसील की बैठकें नियमित होनी चाहिए। तहसील इकाइयों को और अधिक सक्रिय तथा गतिशील किया जाय।

# टीम की कड़ी मेहनत से सामूहिक विवाह कार्यक्रम हुआ सफल

वेलकम इंडिया

**नजीबाबाद।** दुआ फाउंडेशन रजिस्टर्ड की जानिब से सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की गरीब अहसहाय सर्वसमाज परिवार की लड़कियों का विवाह कराया गया। सामूहिक विवाह समारोह में दान स्वरूप दहेज व खाने का भी विशेष प्रबंध रहा। शुक्रवार को कोटद्वार रोड स्थित अग्रवाल फार्म हाउस में दुआ फाउंडेशन रजिस्टर्ड के बैनर तले क्षेत्र की हिंदू मुस्लिम सिख सहित सर्व समाज की निर्धन परिवार की लड़कियों का सामूहिक विवाह कराया गया। जिसमें निर्धन परिवारों की लड़कियों को दान दहेज भी दिया गया। आपको बता दे की दुआ फाउंडेशन ने विगत महा पूर्व पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की पंजाब के शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान लुधियानवी के माध्यम से सहायता की गई थी। साथ ही नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के दो युवको जिनकी विदेश में मौत हो जाने के बाद दुआ फाउंडेशन ने मृतक के दोनों परिवारों को ढाई ढाई लाख रुपए के चेक देकर उनकी मदद की थी। दुआ फाउंडेशन भविष्य में भी जनहित, सामाजिक में मदद के कार्य करती रहेगी। दुआ फाउंडेशन में जितने भी शादियों के लिए आवेदन आए थे सभी की शादियां की गई, सर्व समाज के लोगों ने लिया लाभ।सामूहिक विवाह कार्यक्रम में दुआ फाउंडेशन के अध्यक्ष अब्दुल्ला गुलजार, हाजी इनाम, हाजी यूसुफ कुरैशी, हाजी यूनुस कुरैशी, हाजी शमीम, हाजी नसीम अहमद, अनीस अहमद, इरफान कुरैशी, इमरान कुरेशी, इकराम कुरैशी, मास्टर मोहम्मद असलम, हाजी जब्बार, मास्टर अब्दुल सत्तार, गुलजार अहमद पत्रकार, हाजी इमरान, युसूफ पहलवान, मोहम्मद सलमान काशमी, लवी अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकली एसआइआर पीडीए जन-जागरण यात्रा

वेलकम इंडिया /संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अजय चौरसिया के नेतृत्व में सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की एसआइआर फॉर्म भरने के लिए लगातार जिम्मेदारी के तहत मतदाताओं को जागरूक कर शत प्रतिशत एसआइआर गणना प्रपत्र भरने के लिए आज वाराणसी में एसआइआर पीडीए जन-जागरण यात्रा ई-रिक्शा से निकाली गई

एसआइआर पीडीए जन-जागरण यात्रा को वाराणसी शहर दक्षिणी में पीलीकोठी क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डाक्टर अजय चौरसिया के नेतृत्व में ई-रिक्शा से निकाली गई जो कि शहर दक्षिणी विधान सभा के चौबीसों वार्डो में गली-गली और घर-घर जाकर आम जनता के बीच एसआइआर गणना प्रपत्र को शत प्रतिशत भरवाने की अपील करेगी एसआइआर पीडीए जन-जागरण यात्रा को समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल द्वारा समाजवादी झंडा दिखाकर रवाना की गई

यात्रा में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के विशेष आमंत्रित सदस्य मो०दिलशाद अहमद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ईशान श्रीवास्तव, शहर दक्षिणी विस सपा अध्यक्ष अजहर अली सिद्दीकी, डॉ०अलाम, समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव हिफाजत अली, जौहर प्रिन्स, सोहन लाल चौरसिया, अनूप चौरसिया, अभिषेक गुप्ता, अभी मो.शाहिद, सलीम भाई, गुफरान अंसारी, हसीन अहमद आदि उपस्थित थे

# 30 करोड़ से दुरुस्त की जायेगी शहर की जल निकासी

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** नगर निगम के सभी 70 वार्डो में पुराने नालों का सुधार व नये नालों का निर्माण कर जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त किया जायेगा। इसके लिए निगम के बजट में 30 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज शाम निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर स्क्रीन के माध्यम से प्रस्तावित नालों की लोकेशन और उनके सम्बंध में तैयार ऐस्टीमेट की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए।

महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर निर्माण विभाग द्वारा 70 वार्डो में 107 नालों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया है। प्रस्ताव में 15 से 30 लाख तक लागत वाले नालों को लिया गया है। नगरायुक्त ने स्पष्ट किया कि जो भी नाले बनाये जायेंगे, वे सब आरसीसी से और कवर सहित निर्मित किये जायेंगे तथा पूरी निकासी के साथ बनाये जायेंगे। निर्माण विभाग के अधिकारी ये सुनिश्चित करेंगे कि निर्मित नालों में कहीं भी पानी का जमाव व रुकाव न रहे। उन्होंने कहा नालों में फ्लोटिंग आदि रोकने के लिए शटर वाली जाली लगाएं, ताकि नालों में बहकर आयी फ्लोटिंग को समय समय पर साफ किया जा सके।

नगरायुक्त ने नाला निर्माण में स्वास्थय विभाग व जलकल विभाग से समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए, ताकि नालों की सफाई में कहीं कोई अवरोध या बहाव में कोई परेशानी न आए।

उन्होंने वार्ड 35 का कच्चा नाला भी टेकअप करने और अम्बाला रोड के अंत्येष्टि स्थल को भी सुधार कर बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन नालों की लागत 30 लाख से ऊपर निकल रही है उन्हें निर्धारित राशि के अंतर्गत लाने का प्रयास करें।

# सीरतुन्नबी क्विज प्रतियोगिता सफलतापूर्वक आयोजित

वेलकम इंडिया/फतेह खान



**भेलसर, रुदौली।** चिल्ड्रन इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन भेलसर और ब्रेनी एंड ब्राइट एकेडमी, शेरवानी नगर, लखनऊ के सहयोग से शाही जामा मस्जिद भेलसर में 6 से 12 साल के बच्चों के बीच सीरतुन्नबी ? क्विज प्रतियोगिता सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

बच्चों ने इस शैक्षिक प्रतियोगिता में पूरा उत्साह और रुचि दिखाई।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सिरात ए रसूल ? के प्रति प्रेम, धार्मिक समझ और सकारात्मक शैक्षिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए डॉ. शरीफ कुरैशी और जनाब नज्म अल-सहर ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

कार्यक्रम का संचालन मौलाना मुजाहिदुल इस्लाम ने बड़े सलीके और गंभीरता के साथ किया।

डॉ. शरीफ कुरैशी ने कहा: ₹ऐसे शैक्षिक प्रतियोगिताएं बच्चों में सिरात ए नबी ? के अध्ययन और धार्मिक समझ को और गहरा करती हैं।₹ जनाब नज्म अल-सहर ने बच्चों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत करके उनका उत्साह बढ़ाया। इसी तरह इंजीनियर नदीम ने बच्चों और आयोजकों की मेहनत की सराहना की।

प्रसिद्ध पत्रकार नफीस खा भी कार्यक्रम में मौजूद रहे और प्रतियोगिता की उपयोगिता की तारीफ की।

प्रतियोगिता में लगभग 33 बच्चों ने भाग लिया। 9 टीमों में से 3 टीमें फाइनल राउंड तक पहुँचीं, जिसमें टीम (ए) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

विशेष रूप से उल्लेखनीय यह रहा कि केवल छह साल की उम्र के बावजूद, सौबान ने जिस आत्मविश्वास के साथ सवालों के जवाब दिए, उसे डॉ. शरीफ कुरैशी, अबूबकर साहिब, मौलाना मुजाहिदुल इस्लाम सहित सभी अतिथियों ने अत्यधिक सराहा। उनके इस आत्मविश्वास और बुद्धिमत्ता ने उपस्थित लोगों पर विशेष प्रभाव डाला।

पहला पुरस्कार:

जैनब फातिमा

दूसरा पुरस्कार:

सादिक, पुत्र मोहम्मद शारक

तीसरा पुरस्कार (साझा):

निम्नलिखित 10 बच्चों को तीसरा पुरस्कार दिया गया:

मुहम्मद इस्माइल शारक, सौबान पुत्र मौलाना इमरान, हामदान पुत्र मौलाना इमरान, मदीहा शाह नवाज, मूसा अंस आयूब, मुहम्मद शमीम, अब्दुल अहद, मुहम्मद तल्हा, मुहम्मद फैजान, मुहम्मद

इसके अलावा, सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी वितरित किए गए,

ताकि प्रत्येक बच्चे में सीखने, बेहतर प्रदर्शन करने और आगे बढ़ने की प्रेरणा और मजबूत हो।

# काशी में आयोजित पाचवाँ ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन में कवित्री एवं शायराओ को एजाजे मोहब्बत अवार्ड से किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** मानव रक्त फाउंडेशन, सौहार्द पीस सेंटर, विश्व ज्योति जन संचार समिति द्वारा नेशनल इंटर कॉलेज पीलीकोठी वाराणसी के प्रांगण में भारत की सांझी विरासत व आपसी भाईचारे की हिफाजत के लिए कबीर व बिस्मिल्लाह खां की बहुरंगी तहजीब वाले शहर बनारस में ₹मैं रक्तदान करके सबकी जान बचाता हूँ, मैं क्या जानूँ हिन्दू मुस्लिम हिन्दू मुस्लिम के उन्वान से पाचवाँ ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया मुंबई फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर शायर शकील आजमी ने कहा की ₹बात ऐसी कोई बात न थी, हम उसी बात पर झगड़ रहे थे दिल बसे थे मगर उजड़ रहे थे, हम मोहब्बत की जंग लड़ रहे थे₹ आपसी मोहब्बत और भाईचारा का पैगाम दिया

गजल के मशहूर शायर अजग शाकरी ने कहा की जब हम अपने घर आये, आँख में आंसू भर आये, चिड़िया रोकर कहती है, क्यों बच्चों के पर आयें दिल्ली से आई अंतराष्ट्रिये अवार्ड से सम्मानित शायरा डा.अना देहेल्वी ने गजल का शेर कहा की ₹प्यार के फूल मेरे दिल में खिलाने वाले, अब तोह आजा मेरी नींद चुराने वाले, मैं तेरे नाम की तस्बीह पढ़ा करती हूँ, मुझको दीवानी समझते हैं जगाने वाले₹ वही हास्य कवि डंडा बनारसी ने लोगो को गुदगुदाया ₹बछिया मिले जो दान में तोह दात नहीं देखो, यदि मुक्त मिले भोजन तोह जात नहीं देखो, जब हुस्न बुलाये तोह दिन रात नहीं देखो, तुम इश्क करो जूता या लात नहीं देखो₹ वही मुशायरे का संचालन दिवंगत शायर राहत इन्दोरी के पुत्र सतलज राहत इन्दोरी ने किया जिसमे लखनऊ से शाहबाज तालिब, बाराबंकी से फैज खुमार बाराबंकवी, शाकिर फूलपुरी, रीना तिवारी व चेतना तिवारी शामिल हुई।

# एसआरएम इंस्टिट्यूट में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 का भव्य शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी दिल्ली एनसीआर कैंपस गाजियाबाद में स्मार्ट इंडिया हेकाथोन 2025 का संस्थान एसआरएम निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन के मार्गदर्शन और नेतृत्व में भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ममता वेंकटेश, वाइस प्रेसिडेंट और स्टार्टअप इंडिया प्रमुख एवं सम्मानीय अतिथि श्री मोहित तोमर, समूह निदेशक-प्रौद्योगिकी आइकन संसाधन और प्रौद्योगिकियां, एआईसीटीई के डायरेक्टर अमित दत्ता, कॉलेज के डीन प्रो आरपी महापात्रा एवं डीन आईक्यूएसी एवं नोडल सेंटर प्रभारी, डॉ. धौम्या भट्ट के द्वारा दीप प्रज्वलित और मां सरस्वती की पूजा करके और अतिथियों को सम्मानित करके किया गया।

सर्वप्रथम, सभी का स्वागत डीन आइक्यूएसी प्रोफेसर धौम्या भट्ट द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, गाजियाबाद को 'स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025' सॉफ्टवेयर एडिशन के राष्ट्रीय ग्रैंड फिनाले के लिए देश भर के विभिन्न नोडल सेंटरों में से एक के रूप में चुना गया है। तत्पश्चात, मोहित तोमर ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रोग्राम का वास्तविक उद्देश्य छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के टूल्स से समाधान विकसित करने हेतु प्रेरित करना है।इसके पश्चात, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं वाइस प्रेसिडेंट एंड हेड, स्टार्टअप इंडिया, श्रीमति ममता वेंकटेश ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम न केवल नवाचार को बढ़ावा देगा, बल्कि सरकार, शिक्षा और उद्योगों के बीच सहयोग को मजबूत करेगा। यह आयोजन छात्रों को समस्या-समाधान कौशल विकसित करने का शानदार अवसर प्रदान करता है। तत्पश्चात भारत के 46 नोडल सेंटर्स पर नेशनल हैकाथॉन का वर्चुअल उद्घाटन हुआ। वर्चुअल उद्घाटन मे प्रोफेसर डॉक्टर सीतारमण एआईसीटीई के डायरेक्टर ने अलग-अलग राज्यों से आए युवा प्रतिभागियों का स्वागत करने और उनकी मेजबानी करने के लिए सभी नोडल सेंटर्स का गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान जी, एसबीआई फाउंडेशन के प्रमुख और टीसीएस के चेयरपर्सन भारत सरकार और इतने बड़े टेक्निकल कॉम्पिटिशन में योगदान देने का अवसर देने के लिए आभार व्यक्त किया। एसबीआई के फाउंडेशन हेड ने कहा कि ये इनोवेटिव दिमाग टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ा रहे हैं और हमारे देश को ज्यादा सस्टेनेबल बना रहे हैं। उन्होंने ऐसे बड़े टेक्निकल इवेंट्स हैकाथॉन के फायदों के बारे में बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि भविष्य इनोवेशन पर बनता है। उन्होंने राय दी कि टेक्नोलॉजी का विकास देश के विकास का संकेत है। भारत का भविष्य हमारे युवा प्रतिभागी हैं जो टेक्नोलॉजी के साथ राष्ट्र निर्माण के लिए विशेष रूप से सक्षम हैं।ये गर्व की बात है कि एसआरएम आईईएसटी दिल्ली एनसीआर कैंपस में इस उपलक्ष में 25 टीम्स आए हैं और ये बच्चे मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट का प्रॉब्लम स्टेटमेंट का सलूशन ढूँढेंगे। ये 36 घंटे का नॉन स्टॉप हैकथॉन है जिसमें 150 बच्चों ने इस नोडल केंद्र में भाग लिया है। इन प्रतिभागियों को जज करने के लिए विभिन्न जज, जुगल किशोर, निरीक्षण अधिकारी, पुष्प सेन सत्यार्थी, वैज्ञानिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, अनुज कुमार, अनुभाग अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, डॉ. विनीता कुमारी, वैज्ञानिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षमता निर्माण प्रभाग, डॉ. प्रभात कुमार राय, वैज्ञानिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, डॉ. संजीव बर्मन, भारत सरकार उपस्थित रहेंगे।

# राष्ट्रहित के कार्यों में नंबर वन है छाया स्कूल-विनोद वैशाली


वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** राज चौपला स्थित छाया पब्लिक स्कूल (मोदीनगर मैं यूनाइटेड नेशंस द्वारा प्रस्तावित एस.डी.जी.गोल्स पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे सभी सत्रह उद्देश्यों पर विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। इन 17 उद्देश्यों में जीरो हंगर,नो पॉवरटी , सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, पानी के नीचे जीवन, सतत शहर और समुदाय, स्वच्छ जल और स्वच्छता आदि विषयों पर दी गई प्रस्तुति अभिभावकों द्वारा सराही गईं।

कार्यक्रम को शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली प्रबंधक अधिराज द्विवेदी, डॉ राजुल द्विवेदी निदेशीका अंबिका गौड द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई सभी विषयों पर प्रस्तुति को दशकों में जमकर सराहा और भूरी भूरी प्रशंसा की नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि आज हमारे शहर का छाया पब्लिक स्कूल मोदीनगर ही नहीं देश में अपना नाम कर रहा है और राष्ट्रवादी सोच से निरंतर नए आयाम लिख रहा है हाल ही में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करना हमारे शहर के लिए बड़े ही गर्व और गौरव की बात है बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार वह अपनी सांस्कृतिक विरासत व संस्कारों का सही ज्ञान छाया स्कूल की पाठशाला में होता है मुझे बताते हुए अपार खुशी हो रही है कि इस विद्यालय में शिक्षा सुरक्षा संस्कार और सुविधा बेमिसाल है इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती कुसुम द्विवेदी अध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी जी द्वारा आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया गया इस अवसर पर डॉक्टर अरूण त्यागी, रजनी आगा खान, कपिल कुमार, नीलम, अदिति, मीनू, रिंकू आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# सांसद ने की रेलवे स्टेशन पर थ्रू फुट ओवर ब्रिज बनाने की मांग की



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार सांगवान ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। सांसद ने मोदीनगर रेलवे स्टेशन पर थ्रू फुट ओवर ब्रिज बनाने और मोदीनगर तहसील के अंतर्गत रेलवे से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण कार्य कराने की मांग की। सांसद राजकुमार सांगवान ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि मोदीनगर सब-डिवीजन से संबंधित रेलवे अवसंरचना से जुड़े कई अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य लम्बे समय से लंबित हैं, जिन पर त्वरित दिशा-निर्देशन एवं कार्रवाई अपेक्षित है। मोदीनगर रेलवे स्टेशन पर थ्रू फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान पूर्व में यह सूचना प्रदान की गई थी कि मौजूदा पुराना एफओबी स्थानीय निवासियों-विशेषकर विद्यार्थियों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए थ्रू एफओबी के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। किंतु सुरक्षा कारणों से उक्त एफओबीको रेलवे टीम द्वारा ध्वस्त कर दिया गया है, जिससे आवागमन का विकल्प समाप्त हो गया है।इस स्थिति में निवेदन है कि नव-निर्मित एफबीओ में थ्रू पैसेज की व्यवस्था अविलंब सुनिश्चित की जाए या गाज़ियाबाद डिवीजन की गातिशक्ति यूनिट द्वारा नया थ्रू एफ ओबी शीघ्र निर्मित कराया जाए। तिबरा फाटक (लेवल क्रॉसिंग संख्या 14) पर टू-व्हीलर एफओबी/लाइट एंड एफओबी का निर्माण तिवरा फाटक पर टू-व्हीलर एफओबी हेतु प्रस्ताव जून 2025 में रेलवे बोर्ड द्वारा शॉर्टलिस्ट किया जा चुका है, किंतु आज तक इसका निर्माण प्रारंभ नहीं हो पाया है। यह लेवल क्रॉसिंग अत्यधिक ट्रैफि क वाले क्षेत्र में स्थित है, जहाँ संचालन में रेलवे कर्मियों को भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासियों के लिए यह स्थिति गंभीर हो चुकी है। अतः संबंधित निर्माण कार्य बिना विलंब के प्रारंभ कराए जाने की आवश्यकता है। राज चौपला फाटक (लेवल क्रॉसिंग संख्या 15) पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण द्वारा के एप्रोच रोड कार्य की शुरूआत कर दी गई है, लेकिन रेलवे की ओर से अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। एप्रोच रोड निर्माण प्रारंभ होने के कारण रेलवे कार्य के और विलंबित होने की संभावना बढ़गई है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी असुविधा हो रही है।

कृपया स्पष्ट किया जाए कि क्या रेलवे बोर्ड की नीति के अनुसार आरओबी के साथ का निर्माण भी प्रस्तावित है? तथा नगर पालिका सहित स्थानीय निकायों से समन्वय स्थापित कर एप्रोच संबंधी शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएँ। उम्मीद है कि उपरोक्त सभी जन सुविधा से जुड़े विषयों पर प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने इसको लेकर सकारात्मक आश्वासन दिया है।

# जोनल लीग में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का हुआ नेशनल स्तर के लिए चयन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** आविष्कार रोबोटिक्स जोनल लीग में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का हुआ नेशनल स्तर के लिए चयन नवाचार, विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित आविष्कार आईआरसी लीग झ 2025 का जोनल राउंड इस बार अविष्कार टीम द्वारा भव्य रूप जसपाल कोर पब्लिक शालीमार बाग में संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के अनेक अग्रणी विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने रोबोटिक्स तकनीक, समस्या समाधान क्षमता, प्रोग्रामिंग, मशीन डिजाइनिंग और टीमवर्क जैसे कौशलों का शानदार प्रदर्शन किया। इसी क्रम में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल की जूनियर, मिडिल व सीनियर टीमों ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में सुरेविन विद्यालय की सीनियर वर्ग की प्रतिष्ठित टीम सुरेविन रोबो माएस्ट्रो ने अपने उत्कृष्ट नवाचार, तकनीकी कौशल और व्यावहारिक समझ के दम पर सभी को प्रभावित किया और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित किए गए। इस टीम ने अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्यों को सटीकता और रणनीति के साथ पूर्ण किया, जिसके परिणामस्वरूप टीम ने जोनल राउंड में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सीनियर टीम के सदस्य यज्ञराज,कार्तिक ,नितिन, सन्नी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इन विद्यार्थियों की लगन, कठिन परिश्रम, और रोबोटिक्स के प्रति जुनून ने विद्यालय और अभिभावकों को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिंधु ने भारत एआई लैबस के तत्वाधान से चल रहे रोबोटिक इंटीग्रेटेड प्रोग्राम के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के अंदर अटल टिंकरिंग लैब की गतिविधियां जो भारत एआई लैबस के इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम द्वारा इक्कीसवीं सदी के आवश्यक कौशल विकास करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब की गतिविधियाँ विद्यार्थियों को नई सोच, शोध-आधारित शिक्षा और प्रायोगिक कौशल प्रदान कर रही हैं।हमें विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का असाधारण प्रदर्शन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे, उन्होंने कहा। साथ ही इस प्रतियोगिता मे जूनियर वर्ग टीम सुरेविन रोबो रेंजर्स, सुरेविन गेयर गुरुस, एवं मिडिल वर्ग सुरेविन रोबो स्प्राउट्स इन टीमों ने प्रारंभिक चरणों में अपनी रचनात्मकता, डिजाइन कौशल और समस्या समाधान क्षमताओं का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय प्रबंधक श्री तुषार गुप्ता एवं डॉक्टर शिखा दरबारी ने सभी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक युग में रोबोटिक्स केवल तकनीक नहीं, बल्कि भविष्य की भाषा है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में नवाचार, तार्किक , क्षमता, नेतृत्व, टीमवर्क और तकनीकी समझ जैसे कौशलों को मजबूत करती हैं, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। विद्यालय को पूर्ण विश्वास है कि आने वाले समय में ये सभी टीमें अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचकर विद्यालय और देश का नाम रोशन करेंगी। साथ ही इनके मेंटर दीपक कुमार, अश्विनी शर्मा व श्री शिवांश को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी।

## अगौता थाना पुलिस ने दो कुख्यात अपराधियों को 6 माह के लिए जनपद से किया गया जिला बदर

अगौता/बुलंदशहर जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना अगौता क्षेत्रान्तर्गत मोहसिन पुत्र खान मौहम्मद हसीन पुत्र खान मौहम्मद निवासीगण ग्राम अजीतपुर थाना अगौता जनपद बुलंदशहर के द्वारा लगातार अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कारण क्षेत्र में गुंडागर्दी के बल पर अपराधिक एवं समाज विरोधी क्रियाकलापों में लिप्त होने के संबंध में थाना अगौता पर विभिन्न अभियोग पंजीकृत हुए है। विपक्षी के अपराधिक कृत्यों से जनता में भय आतंक व्याप्त है जिसके कारण क्षेत्र की जनता स्वयं को असुरक्षित महसूस करती है तथा क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति इसके विरुद्ध गवाही देने और रिपोर्ट लिखाने की हिम्मत नहीं करता है। उपरोक्त समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के पर्याप्त सबूतों के आधार पर अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) बुलंदशहर द्वारा मोहसिन हसनी उपरोक्त को 6 माह के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित किया गया है।



# यूनिक ग्रुप ऑफ कॉलेजेस का वार्षिक दिवस समारोह उदयोत्सवद्द 2025 धूमधाम के साथ मनाया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** यूनिक ग्रुप ऑफ कॉलेजेस मुरादनगर द्वारा 29 वां वार्षिक उत्सव ₹ उदयोत्सवद्द 2025 एवं एलुमनी मीट का भव्य आयोजन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकसभा सांसद बागपत डॉ० राजकुमार सांगवान के द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ० मंजू शिवाच, विधायक मोदीनगर एवं नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व चौयरमेन रामआसरे शर्मा उपस्थित रहें। उपरोक्त अतिथियों का संस्थान की अध्यक्ष डॉ० आकांक्षा सिंह ने शॉल उढाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में संस्थान एवं स्कूल के छात्र/छात्राओं ने बढ़े उत्साह के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, समूह गीत, नाटक और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उनकी प्रतिभा और जोश ने पुरे संस्थान परिसर में ऊर्जा और उल्लास का संचार किया। सभी उपस्थित अतिथिगणों एवं अभिभावकों ने बच्चों के प्रयासों की भरपूर प्रशंसा की। कार्यक्रम के अन्त में डॉ० राजकुमार सांगवान, सांसद एवं डॉ० मंजू शिवाच, विधायक द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ० विमल कुमार, डॉ० प्रमोद कुमार, मुकेश राज शर्मा, दीपक सिंह, अनिल कुमार सिंह, कल्पना त्यागी, दीपक त्यागी, वीरबहादुर त्यागी, मानसी शर्मा एवं संस्थान और यू०आई०पी०एस० स्कूल के सभी शिक्षकों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

# मा विधायक खेल स्पर्धा खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग गाज़ियाबाद द्वारा उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत दो दिवसीय मा विधायक खेल स्पर्ध खेल प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में प्रारंभ किया गया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र मोदीनगर खेल प्रतियोगिता में लगभग 500 से अधिक खिलाड़ियों ने विभिन्न विधाओं एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कुश्ती, कबड्डी, जूडो, वॉलीबाल, भारोत्तोलन एवं फुटबॉल आदि विधाओं में बालक एवं बालिका वर्ग में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता का शुभारंभ मा विधायक डॉ मंजू शिवाच मा ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मोदीनगर, विनोद वैशाली जी के द्वारा संयुक्त रूप से किया तथा खिलाड़ियों को खेल भावना का परिचय देते हुए खेलने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से बालको में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, सहभागिता की भावना, अनुशासन, देश प्रेम एवं नेतृत्व का विकास होता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल ने भी सभी अतिथियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए विजेता खिलाड़ियों को जोन एवं राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में जनपद का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम का संचालन मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने किया। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी गाज़ियाबाद ऋषि कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सभी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया।



# मतदाता सूची शुद्धिकरण पर सीएम योगी की सख्त नजर, मेरठ मंडल की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री का स्पष्ट संदेश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की प्रगति का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को गाजियाबाद पहुंचे। नेहरू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित विशेष समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने मेरठ मंडल के सभी जनप्रतिनिधियों, संगठन पदाधिकारियों और विधानसभा क्षेत्र के संयोजकों-सह संयोजकों से अभियान को अत्यधिक गंभीरता से संचालित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि एसआईआर अभियान केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुचिता को मजबूत करने का अभियान है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थित में कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए और फर्जी मतदाता सूची में बने नहीं रहने चाहिए। यह जिम्मेदारी प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी की है। बैठक में सीएम योगी ने मेरठ मंडल के सभी जिलों—गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बागपत, बुलंदशहर और मुजफ्फरनगर की विधानसभा वार प्रगति रिपोर्टों का स्वयं अवलोकन किया।

उन्होंने साहिबाबाद समेत उन विधानसभा क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, जहाँ गणना प्रपत्र (फॉर्म) कम जमा हो रहे हैं। सीएम ने कहा कि बूथ स्तर के प्रत्येक कार्यकर्ता तक यह संदेश पहुँच जाना चाहिए कि एसआईआर अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अभियान को भाजपा संगठन के लिए भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि नवविवाहिताओं के नाम नए पते पर अवश्य जोड़े जाएँ। अनुपस्थित श्रेणी में आने वाले मतदाताओं से संपर्क कर उनकी स्थिति स्पष्ट की जाए। जो लोग जानकारी के अभाव में अब तक $फॉर्म जमा नहीं कर पाए, उनकी मदद की जाए। बीएलओ की पूरी सहायता करते हुए प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूची का गहन अवलोकन किया जाए। सीएम ने कहा कि एसआईआर अभियान को पूरा होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं, ऐसे में सभी पदाधिकारी इसे प्राथमिकता पर लेकर शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करें। बैठक में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, गाजियाबाद के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, मंडल के सांसद, महापौर, विधायक, विधान परिषद सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, पंचायत प्रतिनिधि, जिलाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सीएम ने एसआईआर अभियान को लोकतंत्र का बूस्टर डोज बताते हुए कहा कि यह केवल मतदान सूची संशोधन ही नहीं बल्कि राजनीतिक जनसंपर्क और संगठन सुदृढ़ीकरण का महाअभियान है, जिसमें हर कार्यकर्ता की भूमिका निर्णायक होगी। बैठक में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गाजियाबाद का संगठन और कार्यकर्ता पूरे समर्पण के साथ एसआईआर अभियान को 100 प्रतिशत सफल बनाएँगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन ने पूरे संगठन को नई ऊर्जा दी है और सभी मिलकर इस अभियान को हर बूथ तक प्रभावी बनाएँगे। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव और क्षेत्रीय अनुभव भी साझा किए, जिन पर मुख्यमंत्री ने गहनता से विचार किया। उन्होंने सभी को सतत संवाद, निगरानी, जनजागरूकता और टीम भावना के साथ आगे बढे की प्रेरणा दी।

# आई.टी.एस डेंटल कॉलेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस



वेलकम इंडिया

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर के जनस्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग द्वारा सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस अत्यंत संवेदनशीलता और सेवा भावना के साथ मनाया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का विषय 'सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए दिव्यांग समावेशी समाज को बढ़ावा देना रहा, जिसके अंतर्गत संस्थान ने दिव्यांगजनों को सम्मान, सहयोग और समान अवसरों का संदेश दिया। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का मुख्य उद्देश्य समाज में दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति सकारात्मक व्यवहार विकसित करना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें मुख्यधारा से जोड ? के प्रयासों को मजबूती प्रदान करना है। विश्वभर में प्रत्येक वर्ष यह दिन दिव्यांगों के कल्याण, उनकी प्रतिभा, उनके अधिकारों और उन्हें समान अवसर उपलब्ध कराने के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। आई.टी.एस डेंटल कॉलेज ने इस अवसर पर आनंद ट्रेनिंग सेंटर, नंदग्राम में दिव्यांग रोगियों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया, जिसमें पूरे उत्साह और सहभागिता के साथ गतिविधियों की श्रृंखला देखी गई। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दिव्यांगजन रोगियों की मौखिक स्वच्छता की विस्तृत जांच की और उनकी आवश्यकतानुसार उपचार, सलाह और उचित देखभाल की जानकारी दी। दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा दिखाई गई रचनात्मकता और संवेदनशील अभिव्यक्ति ने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के बाद ब्रशिंग मॉडल और टूथब्रश की सहायता से बच्चों को दांत साफ करने का सही तरीका भी सिखाया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इसी क्रम में कॉलेज की डेंटल ओपीडी और ग्राम गढ़ी नवादा में भी मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विशेषज्ञों ने लोगों को दांतों की देखभाल, नियमित जांच और दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने का संदेश दिया। सभी उपस्थित लोगों को ब्रशिंग मॉडल व टूथब्रश की मदद से सही ब्रशिंग तकनीक भी समझाई गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन के बाद सभी प्रतिभागियों, विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने आई.टी.एस – द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा एवं वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# कोहरे के चलते सड़क सुरक्षा को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सर्दियों के मौसम में बढ़ते कोहरे और उससे होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को शहर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान जीटी रोड, एनएच-9 और मेरठ रोड पर पुलिस ने उन वाहनों पर विशेष नजर रखी जो सड़क सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते थे। इसमें जुगाड़ वाहन, ओवरलोडेड ट्राली और ट्रक शामिल थे, जिन पर सामान बाडी की सीमा से बाहर तक लदा हुआ था। पुलिस टीमों ने मौके पर ही वाहनों को रोका और नियमों के अनुसार चालान किया। अभियान में सौ से अधिक चालान किए गए। कई जुगाड़ वाहन बिना नंबर प्लेट और रजिस्ट्रेशन के चलाते पाए गए। वहीं, कई ट्रैक्टर-ट्राली और ट्रकों पर सरिए, पाइप और अन्य सामान इतनी दूरी तक बाहर निकले हुए थे कि रात और कोहरे में इन्हें पीछे से आने वाले वाहन चालक देख नहीं पाते, जिससे हादसे की संभावना बढ़ जाती है। डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने बताया कि शहर में ट्रैफिक पुलिस पिछले एक सप्ताह से सड़क सुरक्षा से जुड़े लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में अब तक 12 अवैध कट बंद कराए गए हैं। इन कटों से विपरीत दिशा में आने वाले वाहन अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनते थे। इसके बंद होने से ना केवल सड़क पर हादसों में कमी आएगी बल्कि यातायात भी सुगम होगा।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बीजेपी और सहयोगी दलों के नेताओं ने किया भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी का सोमवार को गाजियाबाद आगमन हुआ, जहाँ उन्होंने बीजेपी संगठन को सुदृढ़ करने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। आगमन के मौके पर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता और सहयोगी दलों के पदाधिकारी शामिल रहे। मुख्यमंत्री के आगमन पर राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के नेताओं ने हेलीपैड पर पहुँचकर उन्हें स्वागत किया। इस अवसर पर इंद्रजीत सिंह टीटू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (माइनॉरिटी), रविंदर चौहान, प्रदेश महासचिव और अर्बन कमेटी उत्तर प्रदेश के सदस्य उपस्थित रहे। उनके साथ ही बीजेपी के अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे और मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में संगठनात्मक रणनीतियों, क्षेत्रीय विकास और आगामी चुनावी गतिविधियों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने नेताओं और कार्यकताओं को संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच अपनी गतिविधियों को प्रभावशाली बनाने के लिए विशेष निर्देश दिए। सूत्रों के अनुसार यह बैठक न केवल संगठन के कार्यों का आकलन करने के लिए थी, बल्कि जनसम्पर्क और क्षेत्रीय समन्वय बढ़ाने का भी महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी उपस्थित नेताओं और पदाधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे जनसेवा और संगठनात्मक मजबूती को प्राथमिकता दें। आगमन के अवसर पर नेताओं और पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना की और उनके निदेशों के अनुसार संगठनात्मक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और अनुशासित रहा, जिसमें पार्टी और सहयोगी दलों के नेताओं के बीच सौहार्द और समन्वय स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

# सेंट टेरेसा स्कूल का भव्य वार्षिकोत्सव संपन्न



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सेंट टेरेसा स्कूल, कौशांबी में सोमवार को वार्षिक उत्सव बड़े हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। समारोह में क्षेत्र के नामचीन जनप्रतिनिधि और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा और बढ़ा दी। स्कूल के अध्यक्ष राजा रमन खन्ना ने क्षेत्र की पार्षद कुसुम गोयल और पार्षद डॉ. मनोज गोयल को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया, जहां विद्यालय परिवार ने उन्हें सम्मानित किया। अतिथियों ने मंच पर पहुंचकर दीप प्रज्वलित कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। छात्रों ने अतिथियों का स्वागत एक पौधा भेंट कर किया, जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता हुआ सबको बेहद पसंद आया। कार्यक्रम में स्कूल की अध्यक्षा विभा खन्ना और प्रधानाचार्या श्रीमती सूची स्मिता भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। सांस्कृतिक उत्सव के दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी नृत्य, संगीत और कला प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया।

# आईएमए वेस्ट गाजियाबाद द्वारा मैत्री क्रिकेट मैच का सफल आयोजन, आईएमए गाजियाबाद रही प्रथम उपविजेता

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** खेलों के महत्व और महिला स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए आईएमए वेस्ट गाजियाबाद द्वारा रविवार को एक शानदार मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में आईएमए गाजियाबाद, आईएमए नोएडा एक्सटेंशन और आईएमए वेस्ट की टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में आईएमए वेस्ट गाजियाबाद के अध्यक्ष डॉ. पी.एन. चौधरी और सचिव राहुल गुप्ता ने सभी खिलाडि ?ों का गर्मजोशी से स्वागत किया। खेल के माध्यम से स्वास्थ्य, एकता और आपसी सहयोग को मजबूत करने का संदेश दिया गया। आईएमए गाजियाबाद की टीम में शामिल महिला खिलाडि ?ों डॉ. अल्पना कंसल, डॉ. अर्चना शर्मा, डॉ. सीमा वार्ष्णेय, डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. किरण, डॉ. अरुणा अग्रवाल, डॉ. आकांक्षा कंसल, डॉ. कनिका, डॉ. नेहा पोद्दार, डॉ. शालिनी अग्रवाल, डॉ. एकता और भावना ने बेहतरीन टीम भावना और प्रदर्शन का परिचय दिया। टीम को डॉ. संदीप वार्ष्णेय और गोल्डी जी ने मार्गदर्शन देकर मैच में रणनीतिक मजबूती प्रदान की। मैच के दौरान डॉ. एकता का प्रदर्शन सबसे अधिक चर्चित रहा। उन्होंने दमदार बल्लेबाजी करते हुए 84 रन की नाबाद पारी खेली और 'वुमन ऑफ द मैचज बनीं। उनकी इस शानदार पारी ने दर्शकों के बीच उत्साह का माहौल बना दिया। आईएमए गाजियाबाद की टीम प्रथम उपविजेता रही, लेकिन खिलाडियों का उत्साह और खेल भावना काबिले-तारी$फ रही। मैच के बाद सचिव डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि यह मैच हमें जीवन में खेलों के महत्व की याद दिलाते हैं। खेल न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं, बल्कि यह डॉक्टरों के बीच बेहतर संबंध और टीम वर्क को भी मजबूत करते हैं।

# देवी मंदिर में वार्षिक भंडारा-संत सम्मेलन धूमधाम से संपन्न, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** प्राचीन सिद्धपीठ बाला सिद्ध त्रिपुरा सुंदरी देवी मंदिर, दिल्ली गेट में रविवार को वार्षिक भंडारा एवं संत सम्मेलन अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। यह मंदिर, सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर की प्रमुख शाखा है, जहाँ हर वर्ष संत-महात्माओं का विशाल समागम होता है। इस वर्ष का आयोजन विशेष रहा क्योंकि यह ब्रह्मलीन श्रीमहंत श्याम गिरि जी महाराज तथा ब्रह्मलीन श्रीमहंत परमानंद गिरि जी महाराज की पावन परंपरा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महंत गिरीशानंद गिरि जी महाराज ने किया, जबकि सभापति के रूप में पूज्य गुरुदेव श्रीमहत प्रेम गिरि जी महाराज तथा श्रीमहंत नारायण गिरि जी महाराज का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। पूरे देश से आए संतों की उपस्थिति ने इस आध्यात्मिक आयोजन को अत्यंत गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम में जूना अखाड़ा की परंपरा से जुड़े अनेक संतों ने सम्मिलित होकर भक्तों को आशीर्वाद दिया। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, हरिद्वार, ऋषिकेश, शुक्रताल सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से संत पहुँचकर इस पवित्र संत-सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महामंडलेश्वर स्वामी कंचन गिरि जी महाराज, महंत जगदीश गिरि जी (गोगाजी मंदिर तेलवाडा), महंत धीरेन्द्रपुरी जी महाराज, कोतवाल मंगलदास, महंत आनंद गिरि जी महाराज (मोतीबाग), महंत डंडा गुरु इलाहाबाद, महंत श्याम गिरि जी महाराज, थानापति महंत बजरंग गिरि जी (टप्पल), महंत श्याम गिरि जी (भद्रकाली), साध्वी कैलाशानंद गिरि (हिंडन), साध्वी गिरजानंद गिरि जी, रामस्वामी गिरि जी, अतुल गिरि जी, कार्तिक गिरि जी, विजय गिरि जी महाराज, रूप गिरि जी सहित संत महामंडल के अनेक संत उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश की 44 टीमों के बीच जोरदार संघर्ष : गाजियाबाद सीतापुर और अयोध्या ने दिखाया दम, मुकाबलों में रोमांच चरम पर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शास्त्री नगर स्थित नेहरू वर्ल्ड स्कूल की मेजबानी में चल रही 64वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में शनिवार का दिन रोमांच, गति और शानदार खेल से भरपूर रहा। प्रदेश की कुल 44 टीमों के बीच हो रही इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में खिलाडि ?ों ने अपने बेहतरीन कौशल और जुझारूपन से दर्शकों का दिल जीत लिया। रविवार को खेले गए सभी मुकाबलों में खिलाडि ?ों की ऊर्जा और संघर्ष साफ नजर आया। सीतापुर, गाजियाबाद, अयोध्या, बिजनौर, गौतमबुद्धनगर और जौनपुर जैसी टीमों ने कोर्ट पर जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित की। शनिवार को खेले गए मैचों में पहले मुकाबले में सीतापुर ने बुलंदशहर को 34-21 के अंतर से मात देकर विजयी शुरूआत की। इसके बाद हुए बेहद तनावपूर्ण और रोमांचक मुकाबले में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की टीम ने शाहजहांपुर को 45-42 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। तीसरे मैच में बिजनौर ने सिद्धार्थनगर को 31-11 से पराजित किया। वाराणसी और आगरा के बीच हुए मुकाबले में वाराणसी ने



# इंदिरापुरम विस्तार योजना में विकास कार्यों की धीमी रफ्तार से बिल्डर और आवंटियों में नाराजगी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम विस्तार योजना में विकास कार्यों की धीमी रफ्तार और बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर आवंटियों और बिल्डरों का धैर्य टूटने लगा है। इन्हीं मुद्दों पर व्यापक चर्चा करने के लिए प्लॉट लेने वाले आवंटी, बिल्डर और ट्रांस हिंडन बिल्डर वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष नंदकिशोर कलाल से मिला। इस दौरान प्रतिनिधियों ने योजना क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं और जीडीए की लापरवाही पर गंभीर चिंता व्यक्त की। चेयरमैन प्रदीप गुप्ता ने बताया कि इंदिरापुरम विस्तार योजना में प्लॉट आवंटन हुए लगभग 10 से 12 महीने बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएँ स्थापित नहीं हो सकी हैं। बिजली और सीवर व्यवस्था पूरी तरह अधूरी है, जिससे निर्माण कार्य शुरू करना तो दूर, प्रारंभिक तैयारी तक संभव नहीं हो पा रही है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि नगर निगम द्वारा अभी भी उसी क्षेत्र में लगातार कूड़ा डाला जा रहा है, जिसके कारण न तो सफाई की स्थिति सुधर रही है और न ही वहाँ विकास कार्य आगे बढ़ पा रहा है। बिल्डरों ने स्पष्ट कहा कि कचरा डाले जाने के चलते जमीन की स्थिति निर्माण योग्य नहीं रह जाती और पूरा माहौल अव्यवस्थित हो जाता है।